आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, शनिवार 10 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक- 04 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

बिना किसी नए कर के डेढ़ लाख करोड़ का पेपरलेस बजट पेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 24 वर्षीय इतिहास में पहली बार पेपरलेस बजट में 22 फीसदी ग्रोथ का लक्ष्य रखा गया है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के पौने 2 घंटे के बजट भाषण में न तो विपक्ष की टोका-टाकी थी और न ही इस दौरान वित्त मंत्री ने पीने के पानी का गिलास उठाया। अलबत्ता पेपरलेस बजट भाषण को जब वित्त मंत्री द्वारा टेब पर पढ़ना शुरु किया ही था कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परंपरा का हवाला देते हुए इसका विरोध किया लेकिन अध्यक्षीय आसंदी पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री को बता दिया कि आसंदी ने ही पेपरलेस बजट प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। इसलिए बजट भाषण को जारी रखा जाए, विरोध का कोई औचित्य नहीं। बजट भाषण का पहले का आधा घंटा विशुद्ध राजनीतिक रहा। बाद का सवा घंटा आंकड़ों, प्रावधानों, योजनाओं को समर्पित रहा। बजट को खासकर ज्ञान (GYAN) गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को फोकस किया गया है। साथ ही 10 आधारभूत रणनीतिक स्तंभों का प्रारुप तैयार किया है जो 2047 तक मध्यवधी और दीर्घकालीक लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

आर्थिक विकास की दृष्टि से मजबूत होंगे बस्तर-सरगुजा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, 'बस्तर और सरगुजा को आर्थिक विकास की दृष्टि से मजबूत करेंगे। हर क्षेत्र की विशेषताओं के अनुरूप विकास सुनिश्चित करेंगे। बस्तर में लघु वन उपज के प्रसंस्करण के लिए उद्योगों की स्थापनी की जाएगी।

आवास योजना के लिए 8369 करोड़ का प्रावधान

ओपी चौधरी ने कहा, 'आवास योजना के लिए दूसरे अनुपूरक में हमने 3800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। अब 8369 करोड़ का प्रावधान कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार

पंचायच एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 17 हजार 539 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 70 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए 2887 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सड़कों के लिए 841 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कचरा प्रबंधन की योजनाओं के लिए 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित प्रौद्योगिकी संस्थानों की भांति प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाएगी। पंडित रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय रायपुर में स्टार्टअप इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी का उन्नयन किया जाएगा। व्यवसाय मूलकर पाठ्यक्रम के रूप में वाणिज्य अध्ययन शाला प्रारंभ की जाएगी।

चार नए कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की होगी स्थापना

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कुनकुरी, रामचंद्रपुर, खडगांव, शीलाफिलि में कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। दुर्ग एंव सरगुजा जिले में कृषि अभियंत्रिकी कार्यालय की स्थापना होगी। 14



विकास खंडों में नवीन नर्सरी खोली जाएंगी। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। केलो परियोजना के तहत रायगढ़ में सिंचाई परियोजनाओं को गति देने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना

ओपी चौधरी ने युवाओं के लिए उद्यम क्रांति योजना की घोषणा की है।

बस्तर-सरगुजा पर फोकस

किसान और ग्रामीण विकास के लिए खोला खजाना

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री जिस ब्रीफकेश में बजट लेकर विधानसभा पहुंचे उसमें छत्तीसगढ़ की आदिम जनजातीय कला की पहचान 'ढोकरा शिल्प' से भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर बनी थी। वित्तमंत्री ने बजट को अमृतकाल की नींव रखने वाला और GREAT CG की थीम पर होना बताया। उन्होंने किसी भी तरह का कोई नया कर नहीं लगाया।

फंडामेंटल स्ट्रैटेजिक 10 पिलर्स की पहचान

अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, इन 5 सालों के लिए हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य रख रहे हैं। हम जीडीपी को 5 साल में 10 लाख करोड़ तक हम पहुंचाना चाहते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए हमने आधारभूत रणनीतिक स्तंभ के रूप में फंडामेंटल स्ट्रैटेजिक 10 स्तंभों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि, हमारा पहला पिलर होगा इकोनॉमिक डेवलपमेंट। हमारे आर्थिक विकास का केंद्र बिंदु होगा ज्ञान। दूसरा हमारा पिलर होगा तकनीक आधारित रिफॉर्म और सुशासन। आर्थिक विकास तीसरा पिलर होगा। तमाम चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक पूंजीगत व्यय सुनिश्चित करना मैकिसमम कैपेक्स चौथा पिलर होगा। प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल पांचवा पिलर होगा।

'GYAN' को बताया आर्थिक विकास का केंद्र बिंदु

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि, हमारा जो पहला पिलर है, उसमें आर्थिक विकास का केंद्र बिंदु 'ज्ञान' होगा। नॉलेज तो होगा ही लेकिन इस ज्ञान का हमारा अर्थ है, जी अर्थात गरीब ए अर्थात युवा ए अर्थात अन्नदाता और न अर्थात नारी। ज्ञान के माध्यम से गरीब युवा अन्नदाता और नारी से हमारा आर्थिक विकास होगा। भारी मन से मुझे कहना पड़ रहा है कि पिछले 5 सालों में पिछली सरकार ने इन चारों समूहों के साथ अन्याय किया है। गरीबों का अधिकार छीना गया, यूरिया डीएपी की कालाबाजारी हुई। दो रुपए में गोबर खरीद कर गुणवत्ता विहीन कंपोस्ट जबरन बेचा गया। किसानों से कई तरह की लूट हुई। माता बहनों को इन्होंने 500 प्रति माह यानी साल का 6000 देने का वादा किया था, मगर किसी को 6 रुपए तक नहीं मिला।

सेवा क्षेत्र का योगदान अर्थव्यवस्था में बढ़ाने की कोशिश होगी

वित्तमंत्री ने कहा- अर्थव्यवस्था को सेवा क्षेत्र में जोड़ना, ईको टूरिज्म विकसित करना, पांच शक्ति पीठ विकसित करना, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, आईटी सेक्टर की स्थापना करना, हेल्थ डेस्टिनेशन के रूप में छत्तीसगढ़ को विकसित करना, वेडिंग डेस्टिनेशन, बिजनेस टूरिज्म कॉन्फ्रेंस डेस्टिनेशन जैसी नई उभरती संभावनाओं का लाभ प्रदेश को मिल सके। इसके लिए रोड मैप तैयार करेंगे। सेवा क्षेत्र में देश की औसतन जो जीडीपी पर योगदान है वह करीब 55त्न के लगभग है। जबकि हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का योगदान मात्र 31त्न है। इसे बढ़ाकर ही हम छत्तीसगढ़ की आर्थिक उन्नति को सुनिश्चित कर सकते हैं।

रायपुर, दुर्ग-भिलाई क्षेत्र स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर डवलप होंगे

विकेंद्रीकृत विकास के पॉकेट डवलप करने पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के उत्तरी उत्तरी, मध्य मैदानी भाग और दक्षिणी भाग की अलग-अलग आर्थिक विशेषताएं हैं। इन विशिष्टताओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ बजट 2024
जानें क्या मिली सौगात

- प्रत्येक परिवारों को प्रतिवर्ष 10000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 500 करोड़ का प्रावधान।
- अटल श्रम शक्ति योजना के लिए 123 करोड रुपए का बजट प्रावधान।
- श्रमेव जयते पोर्टल के विकास के लिए 2 करोड रुपए प्रावधान।
- 5 सालों में जीडीपी 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का टारगेट, इसके लिए 10 पिलर्स का निर्धारण किया गया है।
- जीडीपी में अभी भी सेवा क्षेत्रों का योगदान 31त्न है इसे बढ़ाने पर जोर
- ऑनलाइन माध्यम से सरकार के राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि करने का फोकस
- विभिन्न विभागों को तकनीकी समृद्ध करने के लिए 266 करोड़ का प्रावधान।
- पूंजीगत व्यय में गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि।
- 20 प्रतिशत कैपेक्स वृद्धि का लक्ष्य।
- प्राकृतिक संसाधनों के लाभ का समान वितरण आमजनों के हित में।
- शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5000 करोड़ से अधिक का प्रावधान
- ई-कोर्ट के लिए 596 पदों का सृजन
- अमृत मिशन योजना के लिए 796 करोड रुपए का प्रावधान
- छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 20 करोड़ प्रावधान।
- छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए 1 करोड़ 50 लाख।

विभागों के बजट में बड़ी बढ़ोतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग	112 प्रतिशत
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	97 प्रतिशत
खनिज साधन	80 प्रतिशत
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	70 प्रतिशत
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	37 प्रतिशत
कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग	33 प्रतिशत
ऊर्जा विभाग	20 प्रतिशत
गृह विभाग	16 प्रतिशत
नगरीय प्रशासन विकास विभाग	13 प्रतिशत
स्कूल शिक्षा विभाग	10 प्रतिशत

5 साल में 10 लाख करोड़ तक पहुंचेगी छत्तीसगढ़ की जीडीपी

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार आज शुक्रवार को अपना पहला ऐतिहासिक बजट पेश कर रही है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल बजट पेश होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ब्रीफकेस पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर देखने के मिली। हालांकि भूपेश राज में भी छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पहली बार देखने को मिली थी। इस बार भारत माता की तस्वीर भी जुड़ गई है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रावधान

● रायपुर, बिलासपुर स्मार्ट सिटी के लिए 402 करोड़ का प्रावधान। ● संवर्धन से जुड़े कार्यो के क्रियान्वयन के लिए कैम्पा में 1 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान। ● नागरिक क्षेत्र के स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य सुविधा के लिए 300 करोड रुपए का प्रावधान ● राजधानी में साइंस सिटी के लिए 34 करोड़। ● स्टेट कैपिटल योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।

खाली मिला था खजाना; अब करेंगे उजाला

पेश किए गए बजट के मुताबिक राज्य की प्रति व्यक्ति की आय अब एक लाख 47 हडार 361 रुपये वार्षिक अनुमानित कर दी गई है, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के एक लाख 37 हजार 329 रुपये के मुकाबले 7.31 प्रतिशत अधिक है। राज्य का जीएसडीपी वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्थिर भावों पर तीन लाख दो हजार 118 रुपये से बढ़कर 2023-24 में तीन लाख 21 हजार 945 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कि बीते वर्ष के मुकाबले 6.56 प्रतिशत अधिक है।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल बजट पेश किया गया। ब्रीफकेस पर भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर दिखी। ब्रीफकेस में छत्तीसगढ़ के आदिम जनजाति की कला की प्रसिद्ध पहचान ढोकरा शिल्प की झलक है। इस ब्रीफकेस में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की नीति और नियत साफ दिखी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में कविता पढ़कर बजट भाषण की शुरुआत की। ओपी चौधरी ने कहा कि हमें खजाना खाली मिला फिर भी हम उजाला लेकर आए हैं और अब सुशासन का सूर्योदय हो चुका है।

बिना किसी नए कर के...

तस्वीर और तकदीर बदलने वाला बजट : किरण देव

रायपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव ने प्रदेश सरकार की बजट को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर बजट बताया है। छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए इस बजट में हर पहलु को ध्यान दिया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी, पेयजल अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिंता की गई है। उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा व पूरे छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास की दस्तावेज का प्रस्तुतिकरण विधानसभा के पटल में रखा गया है। हम भरोसा दिलाते हैं कि विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे।

'ज्ञान वाला'

राज्य की दिशा और दशा तय करने वाला बजट- सीएम साय

छत्तीसगढ़ में 2024-25 के लिए भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने आज पहला बजट पेश किया। बजट को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला बताया।

सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार का यह बजट केवल एक साल का बजट नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला है। यह मौजूदा करो में बिना वृद्धि किए राजस्व बढ़ाने वाला बजट है। यह हमारी सरकार का विजन डाक्यूमेंट भी है। छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह चार क्षेत्रों में फोकस है। इसे हमने GYAN नाम दिया है।

निराशा

योजनाएं खोखली, जनता के हित में नहीं- डॉ. महंत

बजट को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन हमें निराशा मिली है। 10 स्तंभों के जरिए विकास की बात कही गई है। उन्होंने इसे एक सपना कहा है।

महंत ने कहा बजट में सब कुछ खोखला नजर आता है। जितनी बार मोदी का नाम लिया, उतनी बार छग का नाम नहीं लिया गया। पीएम नरेंद्र मोदी की चाटुकारिता के लिए बजट पेश किया गया है। हमारी सरकार की योजनाओं में धनराशि दी गई है। कोई भी काम बंद करने की हिम्मत नहीं की गई है। इसका मतलब हमारी योजनाएं छत्तीसगढ़ की हित में थीं। यहां के गरीबों, आदिवासियों और युवाओं के हित में थी, यह बजट किसी क्षेत्र में कोई योगदान देने वाला नहीं है।

करे कोई, भरे कोई

गारंटी का बोझ इतना है कि राज्य सह नहीं पा रहा- भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि एक कहावत है, करे कोई भरे कोई। यह कहावत आज के छत्तीसगढ़ के बजट पर लागू होती है। चुनाव में गारंटी देकर गए मोदी जी। अब मोदी जी की गारंटी का बोझ इतना है कि छत्तीसगढ़ जैसा छोटा राज्य सह नहीं पा रहा है।

बजट के प्रावधान गवाही दे रहे हैं कि मोदी की गारंटी भाजपा सरकार को भारी पड़ रही है। इसकी वजह से बेचारे वित्तमंत्री राज्य के लिए नया कुछ कर ही नहीं पाए। उन्होंने बजट का आकार तो बढ़ा लिया है और राजस्व आधिक्य की बात कर रहे हैं। ये ख्याली पुलाव की तरह ही दिखता है।

रोड मेप नहीं

झूठे सपने और खोखले दावों का निराशाजनक बजट- दीपक बैज

बजट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है। बैज ने कहा ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं।

गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी केन्द्रित बजट

वर्ष 2024-25 के लिए कोई कर प्रस्ताव नहीं है और मौजूदा कर दरों में कोई वृद्धि नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया गया जो कि नवगठित सरकार द्वारा अमृतकाल के रूप में प्रस्तुत किया गया यह पहला बजट हैकेनीव का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) की समृद्धि और पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। बजट मोदी की गारंटी के तहत वादों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अमृतकाल में एक विकसित राज्य के रूप में उभरने की दृष्टि से सभी क्षेत्रों में समावेशी विकास के लिए 1 नवंबर 2024 तक अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 तैयार किया जाएगा । इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में हमारी मदद करने वाला पहला मध्यावधि लक्ष्य अगले 5 वर्षों में हमारे राज्य की जीएसडीपी को 5 लाख करोड़ से दोगुना करके वर्ष 2028 तक 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य होगा। मजदूरों और आदिवासियों के समग्र विकास द्वारा आर्थिक स्थिति को विकसित करने की गहन जिम्मेदारी की भावना के साथ यह बजट पेश किया गया है ।

हमने बनाया है , हम ही सवारेंगे , हमने 10 मौलिक रणनीतिक स्तंभों का मसौदा तैयार किया है जो 2047 तक हमारे मध्यावधि और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारी सहायता करेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी के वादों को पूरा करने समर्पित

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान। वर्ष 2023-24 द्वितीय अनुपूरक में 3,799 करोड़ रुपये ।
- महिलाओं को पोषित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना के तहत प्रति वर्ष 12,000 रुपये सहायता का प्रावधान।
- कृषक उन्नति योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपये इससे 24.72 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा। गत वर्ष की तुलना में 02 लाख 30 हजार अधिक किसान लाभान्वित होंगे।
- ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को गत वर्ष 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रु प्रति मानक बोरा भुगतान
- दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को गत वर्ष 7000 प्रति वर्ष से बढ़ाकर 10,000 रुपये वार्षिक भुगतान के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान ।
- प्रदेशवासियों के लिए श्री रामलला दर्शन के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के क्रियान्वयन का प्रावधान ।
- राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के विकास हेतु विस्तृत योजना बनाने का प्रावधान।
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के आयोजन के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान ।
- राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास की विस्तृत योजना बनाने हेतु 5 करोड़ रुपये का प्रावधान।

आर्थिक रूप से किसानों को लाभ पहुंचाने के साथ, बजट की प्रमुख योजनाएं

- छोटे और मध्यम किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने एवं आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 8,369 करोड़ रुपये रुपये का प्रावधान.
- जल जीवन मिशन के लिए 4,500 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- हायर सेकेंडरी स्कूल के विकास और रखरखाव के लिए 3,952 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- 5 एचपी कृषि पंपों के लिए मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3,500 करोड़ रुपये रुपये का प्रावधान.
- 3,400 करोड़ के लिएमुख्यमंत्री खड्याण ड्डसहायता योजना रुपये का प्रावधान.
- राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के लिए 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 841 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- अमृत मिशन योजना के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- केन्द्रीय प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना में राज्यांश के रूप में 300 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- श्री राम लला दर्शन के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को सुदृढ़ करने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन योजना लागू की जाएगी।
- छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (सीआईटी) और छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (CIMS) क्रमशः प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और संभाग में स्थापित किए जाएंगे।
- रायपुर-भिलाई के आसपास राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) विकसित किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ सेंटर आफ स्मार्ट गवर्नेंस का गठन
- छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन
- बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में इको-पर्यटन और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र विकसित किए जाएंगे ।
- नए उद्योगों को नीति में शामिल करने के लिए नई उद्योग नीति तैयार की जाएगी।
- ई-वाहनों को प्रोत्साहन , कुसुम योजना को अपनाने आदि के अलावा कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए जलवायु कार्य योजना तैयार की जाएगी।
- राज्य की खेल सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना प्राथमिकता दी जाएगी।

कर प्रस्ताव

वर्ष 2024-25 के लिए कोई कर प्रस्ताव नहीं है और मौजूदा कर दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

आर्थिक स्थिति

- चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वित्त वर्ष 2022-23 के त्वरित अनुमान से 6.56 प्रतिशत (स्थिर मूल्य पर) बढ़ने का अनुमान है। यह अनुमानित राष्ट्रीय जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत से कम है।
- चालू वित्त वर्ष 2023-24 में, कृषि क्षेत्र में भारत की 1.82 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में छत्तीसगढ की 3.23त्न, औद्योगिक क्षेत्र में भारत की 7.93त्न की वृद्धि की तुलना में छत्तीसगढ की 7.13 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में भारत की 7.72 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में छत्तीसगढ की 5.02 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है।
- वर्ष 2022-23 में प्रचलित मूल्य पर, सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 4,64,399 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 5,05,886 करोड़ होने का अनुमान है, जो 8.93 प्रतिशत की वृद्धि है।
- वित्त वर्ष 2023-24 के त्वरित अनुमान के अनुसार, जीएसडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान राष्ट्रीय स्तर पर 14.41 प्रतिशत की तुलना में 15.32 प्रतिशत है, औद्योगिक क्षेत्र का राष्ट्रीय स्तर पर 30.97 प्रतिशत की तुलना में 53.50 प्रतिशत है और सेवा क्षेत्र का योगदान 54.62 प्रतिशत की तुलना में 31.19 प्रतिशत है।
- 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 7.31 प्रतिशत बढ़कर 1,47,361 रुपये प्रति वर्ष होने का अनुमान है जो राष्ट्रीय स्तर पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,85,854 रुपये अनुमानित है।

आईटी आधारित प्रावधान

- प्रशासनिक कार्यों को मजबूत करने और सभी स्तरों पर पारदर्शिता लाने के लिए सभी प्रशासनिक विभागों के लिए राज्य मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक उन्नत डिजिटल तकनीकों और आईटी इनेबल्ड सेवाओं (आईटीईएस) पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 266 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- भारत नेट परियोजना के लिए 66 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- पीएम वाणी प्रोजेक्ट के लिए 37 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- एकीकृत ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- अटल डैशबोर्ड के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान
- जीएसटी विभाग द्वारा बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट का विकास , स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग द्वारा एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर , आबकारी विभाग द्वारा सॉफ्टवेयर, खनन विभाग द्वारा खनिज ऑनलाइन 2.0 , जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य जल सूचना केंद्र , वित्त विभाग द्वारा आईएफएमआईएस 2.0 का विकास

विकेंद्रीकृत विकास प्रक्रिया

- विश्व स्तरीय आईटी क्षेत्र, विवाह, शिक्षा और स्वास्थ्य डेस्टीनेशन के लिए रायपुर-भिलाई क्षेत्र के आसपास राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) का विकास ।
- नवा रायपुर में लाईवलीहुड सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना
- भिलाई में उद्यमिता केंद्र की स्थापना
- राज्य में स्टार्ट अप संस्कृति और अन्य आईटी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप इन्क्यूबेशन सेंटर और आईटी पार्क बनाया जाएगा।
- नवा रायपुर में आईटी उद्योग के विकास और आईटी रोजगार सृजन के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल।
- रायपुर, नवा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, अंबिकापुर, जगदलपुर, कोरबा और रायगढ़ आदि शहरों को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने पर ध्यान दें।
- कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, उरला, सिलतरा आदि जैसे समृद्ध उद्योग क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए उद्योग नीति का प्रारूप तैयार किया जाएगा।
- कृषि एवं ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान एवं प्रोत्साहन दिया जाएगा।

राजकोषीय स्थिति

- राज्य के राजस्व में वृद्धि के लिए किए गए सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप, नए कर लगाए बिना या कर की दरों में वृद्धि किए बिना राज्य के स्वयं के राजस्व में 22 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य का सकल राजकोषीय घाटा रु. 19,696 करोड़ (भारत सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय के लिए 3,400 करोड़ रुपये की विशेष सहायता सहित)। अतः राज्य का शुद्ध राजकोषीय घाटा 16,296 करोड़ रु. होने का अनुमान है. जो जीएसडीपी का 2.90त्न है । यह एफआरबीएम अधिनियम में निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर है।
- वर्ष 2023-24 में कुल राजस्व आधिक्य 1,060 करोड़ रुपये अनुमानित है। छत्तीसगढ़ उन प्रगतिशील राज्यों में से है जो राजस्व आधिक्य की स्थिति बनाए है।
- पूंजीगत व्यय लगभग रु. 22,300 करोड़ , जो कुल बजट का 15 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 से 20त्न अधिक है। यह पिछले 5 वर्षो के औसत पूंजीगत व्यय 12 प्रतिशत से अधिक है।
- भारत के साथ प्रमुख राजकोषीय संकेतकों की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि की तुलना।

पहली बजट से जनता को पता चल गया डबल इंजन कंडम है : धनंजय सिंह

रायपुर, नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की पहली बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय सरकार की पहले बजट में ही प्रदेश की जनता को पता चल गया की डबल इंजन की सरकार कंडम हो गई है। मोदी की गारंटी का ढोल पीटने वाली सरकार की पोल खुल गई है।

बीपीएल परिवार में कन्या रत्न प्राप्त होने पर डेढ़ लाख रुपए देने का वादा किया गया था, पंचायत स्तर पर डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं की भर्ती, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस, इन्नोवेशन हब बनाकर 6 लाख रोजगार, कॉलेज जाने के लिए छात्रों को मासिक ट्रेवल्स अलाउंस, 500 जन औषधि केंद्र खोलने, 500 में प्रति घर गैस सिलेंडर पहुंचाने, 100000 सरकारी पदों पर भर्ती के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं. शासकीय कर्मचारियों को लेकर भी उनके मानदेय बढ़ाने या उनकी सुविधा में वृद्धि करने का कोई व्यवस्था नहीं है इस बजट से मोदी की गारंटी की हवा खुल गई। नये उद्यमी, व्यवसायीयों के बेहतर व्यवस्थापन की कोई कार्य योजना नहीं है।

युवाओं, महिलाओं, किसानों का भविष्य संवारने वाला बजट : धरमलाल कौशिक

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए के विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ की महिलाओं, युवाओं, किसानों के भविष्य को संवारने वाला होगा। बजट विकास का एक संकल्प लेकर निश्चित लक्ष्य बता रहा है जिसमें राज्य की जीएसडीपी को 5 साल में दोगुना किया जाना है। कौशिक ने कहा यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला है। इस बजट में महतारी वंदन, किसानों को भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, श्री राम लला दर्शन, मुफ्त इलाज, भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटियों को पूरा करने प्रावधान किया गया है। कौशिक ने कहा यह बजट हर चुनौती को चुनौती दे रहा है। राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डाले 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रशंसनीय है।

छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा करने वाला बजट : संजय श्रीवास्तव

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई रफ्तार देगा यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा। श्रीवास्तव ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग, बच्चों की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर जैसे नए 22 संस्थान, 160 आईटीआई का उन्नयन, छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर विवि में नवीन शिक्षणविभाग, सूरजपुर, गरियाबंद, कोंडागांव, सुकमा, बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना, साइंस सिटी, एस्ट्रो पार्क, जशपुर में एग्रो बिजनेस कॉलेज छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, गोंडी भाषा के प्रोत्साहन के लिए सॉफ्टवेयर निर्माण सहित कई ऐसे प्रावधान बजट में है जो छत्तीसगढ़ के विकास को तेज गति देंगे।

महतारी वंदन को लेकर बजट में भाजपा की बदनीयती सामने आई : सुशील आनंद

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बजट से भाजपा की बदनीयती सामने आई है। मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ की बहन-बेटियों को एक बार फिर छला गया। इस बजट में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पूरे 1 वर्ष के लिए कुल बजट का प्रावधान मात्र 3000 करोड़ रुपया अर्थात ढाई सौ करोड़ रूपए महीना? प्रदेश में कुल महिला मतदाताओं की संख्या लगभग एक करोड़ चार लाख है।

भारतीय जनता पार्टी के साय सरकार के द्वारा किए गए बजट प्रावधान से मात्र 25 लाख महिलाओं को ही 1000 रुपया महीना दिया जा सकेगा, अर्थात भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार की मंशा प्रदेश के लगभग 80 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से बाहर रखने का है।

स्वस्थ और समृद्ध छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने वाला बजट : डॉ. संजय

शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय शुक्ला ने छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट को 'स्वस्थ छत्तीसगढ़ और समृद्ध छत्तीसगढ़' के लक्ष्य को हासिल करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवस्था में सुधार के लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है।

बजट में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को स्वास्थ्य सेवाओं के मुख्यधारा में लाने के लिए साकारात्मक कदम उठाया गया है। रायपुर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल 'मेकाहारा' को 773 करोड़ रुपए और बिलासपुर मेडिकल कॉलेज 'सिम्स' के उन नवीन भवन के निर्माण के लिए 700 करोड़ रूपए का बजट स्वीकृत किया गया गया है। इस घोषणा से इन मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसका लाभ जनस्वास्थ्य को मिलेगा।

पांच शक्तिपीठों के विकास के लिए योजना का प्रावधान स्वागतेय : लता उसेंडी

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंडी ने बजट में युवाओं को रोजगार, कौशल विकास से जोड़ने के साथ-साथ डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर वाली केंद्रीय और राज्य सरकार की योजनाओं पर भी फोकस किए जाने पर प्रदेश सरकार को बधाई दी। उसेंडी ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्मार्ट सिटी के लिए भी बजट 2024 में बड़ी घोषणाएं की है।

रायपुर, बिलासपुर स्मार्ट सिटी के लिए 402 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मुख्यमंत्री जन पर्यटन योजना प्रारंभ करने के साथ ही प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास के लिए योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाना स्वागतेय है।

डबल इंजन की सरकार का संकल्प साकार होता नजर आ रहा : डॉ. सरोज पांडेय

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. सरोज पांडेय ने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए सराहना की है कि उसके पहले ही बजट में डबल इंजन सरकार का भाजपा का संकल्प साकार होता नजर आ रहा है। प्रदेश सरकार के बजट में प्रावधानों का स्वागत करते हुए डॉ. पांडेय ने कहा कि इस बजट में डबल इंजन की सरकार की योजनाओं की झलक देखने को मिल रही है।

प्रदेश में अधो संरचना विकास को प्रोत्साहित करने के लिए 22,500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सभी एयरपोर्ट में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण को तीव्र गति से करने के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 | रायपुर, शनिवार 10 फरवरी 2024, | वर्ष-13 अंक- 04 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

यदि कोई नेता कहता है कि वह कभी झूठ नहीं बोलता तो यह मान कर चलो की उससे बड़ा झूठा कोई नहीं है। कोई नेता यदि यह दावा करे कि वह कट्टर ईमानदार है तो उससे बड़ा बेईमान पूरे ब्रह्मांड में कोई और नहीं है। इसी तरह भ्रष्टाचार के आरोप में फंसा कोई नेता यह सिंह गरजना करता है कि वह डरने वाला नहीं है। तो सब समझ जाते हैं कि यह अपनी ही परछाई से डरने वाला बहुत बड़ा डरपोक है। इन डेढ़ होशियार नेताओं को पता होना चाहिए की - ये जो पब्लिक है ये सब जानती है।

कोंडागांव के राजेश उइके विदेश में निभाएंगे भारतीय राजदूत की जिम्मेदारी

- युवाओं को प्रेरित कर रहा पिछड़े इलाके से निकलकर आईएफएस बनने का उइके का सफर
- विदेश जाने से पहले आईएफएस अधिकारी उइके ने राष्ट्रपति मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। 'जिंदगी की कठिनाइयों से भाग जाना आसान होता है, जिंदगी में हर पहलू इम्तेहान होता है, डरने वालों को नहीं मिलता कुछ जिंदगी में, लड़ने वालों के कदमों में जहां होता है।' ये लाइन छत्तीसगढ़ के एक पिछड़े इलाके से निकलकर विदेश में भारतीय राजदूत बनने तक का सफर तय करने वाले राजेश उइके पर बिलकुल सटीक बैठती हैं।

कोंडागांव जिले से आने वाले उइके ने असुविधाओं को पार कर सफलता की प्रेरणादायक कहानी लिखी है। 2006 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी उइके की हाल ही में ताजिकिस्तान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्ति हुई है।

ताजिकिस्तान के लिए निकलने से पहले उइके ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने ताजिकिस्तान में भारत के अगले राजदूत के रूप में आधिकारिक नियुक्ति को चिह्नित करते हुए उइके को क्रेडेंशियल दस्तावेज प्रस्तुत किए।

वर्तमान में, राजेश उइके नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के बाहरी प्रचार एवं सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उनके राजनयिक करियर में विदेशों में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में विभिन्न भूमिकाएं, साथ ही नई दिल्ली में मंत्रालय के भीतर विभिन्न जिम्मेदारियां शामिल हैं।

उइके अपने स्कूल के दिनों से ही काफी प्रतिभावान रहे हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कोंडागांव और सुकमा जिले में पूरी की। उन्होंने एनसीईआरटी की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज मेरिट छात्रवृत्ति प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित प्रतिभा खोज परीक्षा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक भी प्राप्त किए।

उइके के पास एनआईटी, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से औद्योगिक इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है। भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने से पहले उन्होंने कुछ समय के लिए ऑटोमोबाइल सेक्टर में डिजाइन इंजीनियर और ऑपरेशन मैनेजर के रूप में भी काम किया। उइके भारतीय रेलवे में भी सेवारत रहे और उन्होंने स्नातक स्तर की पढ़ाई के तुरंत बाद एक औद्योगिक स्टार्ट-अप भी शुरू किया था।

हालांकि विदेश मामलों और कूटनीति में विशेष रूचि रखने वाले उइके ने इससे आगे बढ़कर कुछ बड़ा करने की ठानी और वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों में जुट गए और कामयाबी भी प्राप्त की। उइके अब ताजिकिस्तान के दुशांबे में अपनी नई भूमिका को निभाने के लिए उत्साहित हैं। विपरीत परिस्थितियों के बीच सपनों को पूरा करने के लिए उइके का अपने लक्ष्य पर फोकस और निरंतरता युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

मुख्तार की पत्नी व सालों की 2.35 करोड़ की संपत्ति जप्त

गाजीपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिला निवासी बाहुबली मुख्तार अंसारी की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अंसारी परिवार द्वारा अपराध कृतियों से अर्जित धन द्वारा खरीदी गई 2.35 करोड़ की संपत्तियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी गिरोह की सक्रिय सदस्य पत्नी आफ्सा अंसारी तथा मुख्तार के सगे साले अनवर शहजाद व सरजील उर्फ आतिफ रजा की आपराधिक कृत्यों से अर्जित धनराशि दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये को धारा 14(1) उप्र गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की। अभियुक्तों द्वारा संचालित कम्पनी आगाज इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट लिमिटेड, ग्लोराइज लैण्ड डेवलपर, इनजियो नेटवर्क साल्यूसन, कुसुम विजन इंफ्रा प्रोजेक्ट व मेसर्स विकास कंसट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों से ट्रांसफर करके स्पेक्ट्रम इंफ्रा सर्विसेज प्रालि के बैंक आफ बड़ौदा शाखा लंका, वाराणसी के खाते में मौजूद दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपये को जब्त किया गया।

जगन रेड्डी ने मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली (वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। पोस्ट में कहा गया है आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री और जगन की मुलाकात की फोटो भी जारी की गयी है।

मोदी सरकार ने खोला 'भारत रत्न' का पिटारा पहली बार एक साल में 5 को भारत रत्न

- ... अब चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव, एस स्वामीनाथन को मिलेगा

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न दिया जा रहा है। इससे पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कर्पूरी ठाकुर और लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत देने की घोषणा कर चुकी है। ये पहली बार है जब एक साल में पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है। इससे पहले 1999 में इसे चार लोगों को दिया गया था।

पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के फैसले से देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पाने वालों की संख्या 53 हो गई है। पिछली बार, 2019 में भारत रत्न पुरस्कार प्रणब मुखर्जी और मरणोपरांत भूपेन्द्र कुमार हजारिका और नानाजी देशमुख को प्रदान किया गया था। 2020 से 2023 के बीच यह पुरस्कार किसी को नहीं दिया गया।

भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह समाज के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा या उच्चतम स्तर के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। भारत सरकार ने 1954 में दो नागरिक पुरस्कार - भारत रत्न और पद्म विभूषण - स्थापित किए थे। पद्म विभूषण की तीन श्रेणियां थीं - पहला वर्ग, दूसरा वर्ग और तीसरा वर्ग। बाद में आठ जनवरी, 1955 को एक राष्ट्रपति अधिसूचना के माध्यम से इनका नाम बदलकर पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री कर दिया गया।

कैसे मिलता है भारत रत्न

भारत रत्न के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सिफारिश की जाती है। इस पुरस्कार के लिए किसी औपचारिक अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है। भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या किसी विशेष वर्ष में अधिकतम तीन तक सीमित है। हालांकि, 1999 में इसे चार लोगों को दिया गया था। लेकिन इस बार अब तक पांच लोगों को इससे नवाजा गया है। यह सम्मान 2019, 1997, 1992, 1991, 1955 और 1954 सहित कई अवसरों पर एक वर्ष में तीन व्यक्तियों को दिया गया था। 2015, 2014, 2001, 1998, 1990, 1963 और 1961 सहित कई अवसरों पर यह दो व्यक्तियों को दिया गया, जबकि ऐसे वर्ष भी रहे हैं जब यह पुरस्कार किसी को भी प्रदान नहीं किया गया था।

उपद्रवियों ने थाने के साथ सौ गाड़ियां फूंकी

दंगाइयों को गोली मारने के आदेश

हल्द्वानी (एजेंसी)। उत्तराखंड में हल्द्वानी के वनभूलपुरा इलाके में शासकीय तौर पर तोड़े गए मस्जिद-मजार के बाद लोग नाराज हो गए। उसके बाद लोग हिंसा पर उतर आए। वे सार्वजनिक संपत्तियों के साथ निजी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाने लगे। स्थिति को संभालने प्रशासन ने इसमें लिप्त दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिया है।

पुलिस के अनुसार सरकारी जमीन पर बनी मजार और मदरसा तोड़ने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम पर भीड़ ने पत्थर फेंकने लगे। घटना में 30 पुलिसकर्मियों समेत 100 लोग घायल हो गए। उसके बाद स्थिति बिगड़ती चली गई।

दंगाइयों की भीड़ ने 100 से ज्यादा गाड़ियां और वनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। हिंसक भीड़ पर काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और कई राउंड फायर भी किए। 4 घंटे तक उपद्रव के बाद वनभूलपुरा थाना क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया।

सीएम ने बुलाई उच्च स्तरीय बैठक : इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है और उपद्रवियों को गोली मारने का आदेश दिया है। बिगड़ते हालात को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी में कर्फ्यू घोषित कर दिया है और इसके साथ ही दंगा करने वालों के खिलाफ यूएपीए के अंतर्गत कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

विरोध में उतरी महिलाएं: इस मामले में लोगों को मैदान से बाहर खदेड़ने पर महिलाएं तारबाड़ के बाहर से नारेबाजी और विरोध में उतर आईं। इस बीच चारों दिशाओं से दीवार और तंग गलियों की आड़ से मुस्लिम युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

शराबी शर्त में एक की मौत

खरगोन (वार्ता)। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के झिरन्या में आज अधिक शराब पीने को लेकर शर्त पूरी करने के चक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। जिले के चैनपुर थाना के अनुसार झिरनिया में दो लोगों के बीच अधिक शराब पीने की शर्त लगी थी और दोनों ने शराब का सेवन किया। इसी दौरान दिनेश (41)की तबीयत बिगड़ गई उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिरनिया ले जाया गया। उसके बाद उसे खरगोन के जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां शाम को उसकी मृत्यु हो गयी। वहीं, दूसरा व्यक्ति अरुण बेहोश हो गया था। उसका स्थानीय अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। आज रात्रि अरुण के बयान लिए गए हैं। उसने बताया कि गिरीश अग्रवाल, घोटू बंजारा और राधे बंजारा ने दिनेश और अरुण के साथ शराब का सेवन शुरू किया था। इसी दौरान दिनेश और अरुण में ज्यादा शराब पीने को लेकर शर्त लग गयी थी।

बिना संघर्ष के ओबीसी बने मोदी को दूसरों की चिंता नहीं : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि वह बिना संघर्ष के ओबीसी की सूची में आ गए लेकिन वर्षों से इस सूची में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों की उन्हें चिंता नहीं है।

श्री खडगे ने सोशल मीडिया पोस्ट पर आज कहा आजकल पूरे देश को मोदी जी सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहें हैं। उनकी कास्ट को तो ओबीसी का दर्जा मिल गया। वो अपने आप को 'सबसे बड़ा ओबीसी' भी कहने लगे हैं।

उन्होंने कहा मोदी जी को तो बिना सड़कों पर आंदोलन करे ओबीसी वर्ग का दर्जा मिल गया, पर देश में करोड़ों लोग ओबीसी लिस्ट में अपने आप को शामिल कराने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहें हैं। देश की कई सारी ऐसी पिछड़ी जातियां हैं जो मोदी जी के हटी गणना के विरोध के चलते ओबीसी श्रेणी का दर्जा नहीं ले पाएंगी।

श्री खडगे ने कहा महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात में लाखों लोग कई वर्षों से अपनी जाति को ओबीसी का दर्जा दिलवाने के लिए सड़कों पर उतरें हैं। ओबीसी में विश्वगुरु तो मोदी जी बन गए ! पर ये नहीं बता रहे कि जातिगत जनगणना कब होगा। सामाजिक न्याय को लागू करने के लिए जातिगत जनगणना सबसे ज़रूरी है। कांग्रेस का वादा है कि हम जाति जनगणना ज़रूर करवाएंगे।

आईएएस एस प्रकाश बने परिवहन आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2005 बैच के आईएएस एस.प्रकाश को परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह ने दिया है। बता दें, एस. प्रकाश के पास संसदीय कार्य विभाग और परिवहन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी है।

जानकारी के मुताबिक, आईएएस एस.प्रकाश से आईपीएस दीपांशु काबरा परिवहन आयुक्त का प्रभार संभाल रहे थे। लेकिन सत्ता बदलने के बाद दीपांशु काबरा को उनके पद से हटा दिया गया और आईएएस एस.प्रकाश को यह जिम्मा दिया गया है। एस प्रकाश 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, वो इससे पहले कोरिया जिले के कलेक्टर भी रहे हैं।

राज्यों के द्वारा आरक्षण देने के तरीके पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सवाल, कहा- नहीं करें राजनीति

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के सात जज की संविधान पीठ ने गुरुवार को कहा कि 'राज्य सरकारें पिछड़े वर्गों को आरक्षण का लाभ देने में चयनात्मक नहीं हो सकती हैं क्योंकि इससे तुष्टिकरण की खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। संविधान पीठ ने कहा कि सबसे पिछड़े वर्गों को आरक्षण का लाभ देते समय, राज्य सरकार दूसरों को बाहर नहीं कर सकती।' तीन दिन चली लंबी सुनवाई के दौरान संविधान पीठ ने इस मसले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने यह टिप्पणी कानूनी सवाल 'क्या राज्य सरकार को आरक्षण देने के लिए एससी/एसटी में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है? पर सुनवाई के दौरान की। पीठ तीसरे दिन की सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'यदि बहुत सारे पिछड़े वर्ग हैं, तो क्या उदाहरण के लिए राज्य केवल दो को चुन सकता है? ऐसे में वंचित लोग हमेशा संविधान के अनुच्छेद-14 के तहत अपने वर्गीकरण को चुनौती देंगे। संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, विक्रम नाथ, बेला एम. त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं।

राज्यों की सरकारें अपनी भूमिका निभाएं

सुनवाई के दौरान संविधान पीठ ने कहा कि कुछ राज्य सरकारें कुछ जातियों को चुनेंगी जबकि अन्य कुछ जातियों को चुनेंगी। यह विचार लोकप्रिय राजनीति के लिए नहीं है, इसमें आप सभी भूमिका निभाएं, हमें मानदंड निर्धारित करके इसे तैयार करना होगा।

गरमा-गरम

सेहत

रात करवटें बदलते रहने से सो पाना मुश्किल लगता है तो आहार में बदलाव जरूरी

रात के आहार में फलों को शामिल करने से बेहतर नींद में मदद

नयी दिल्ली (वार्ता)। अगर आप अनिद्रा से पीड़ित हैं और आपके मस्तिष्क के सांसारिक विचारों से घिरे रहने के कारण पूरी रात करवटें बदलते रहने से आपका सो पाना मुश्किल लगता है तो रात के आहार में कुछ फलों को शामिल करने से बेहतर नींद में मदद मिल सकती है।

ज्यादातर डॉक्टरों का मानना है कि वयस्कों को हर दिन सात या आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए,हालांकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद अक्सर पीछे छूट जाती है, वहीं अपनी नींद को नजरअंदाज करने से मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि सोने से पहले अपने रात्रिकालीन आहार में कुछ फलों को शामिल करने से उनके सूजनरोधी गुणों, मेलाटोनिन और पोटेशियम के कारण बेहतर नींद में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने ऐसे शीर्ष पांच फलों के नाम गिनाये हैं जिनमें सेब ,चेरी , कीवी , केला और अनानास शामिल है।

विशेषज्ञों के मुतबिक सेब पोषक तत्वों का बड़ा स्रोत है जो रात की अच्छी नींद में योगदान दे सकता है। यह फल विटामिन और मेलाटोनिन से भरपूर है जो रात में जागने से रोकने में मदद कर सकता है। स्टार प्लेयर्स में से एक विटामिन बी -6 है, जो सेब में मौजूद है और अनिद्रा को कम कर सकता है। इसके अलावा इसमें फाइबर और प्राकृतिक शर्करा रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने और किसी व्यक्ति के सामान्य मूड के साथ-साथ समग्र कल्याण में सुधार करने में मदद मिलती है।

चेरी शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट मेलाटोनिन के स्तर को बढ़ा सकती है जो विश्राम और सोने में सहायक होती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि चेरी से भी अधिक तीखा चेरी का रस, जो एक वायरल चलन का हिस्सा बन गया है, रात को अच्छी नींद लाने के लिए एक अद्भुत पेय है। जूस में मेलाटोनिन होता है, जो इसे नींद की गुणवत्ता और अवधि को नियंत्रित करने का एक बेहतरीन प्राकृतिक तरीका बनाता है। लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन से पता चलता है कि तीखा चेरी का रस पीने से अनिद्रा से भी राहत मिल सकती है।

कीवी या कीवीफ्रूट एक छोटा अंडाकार आकार का फल है, जो कई विटामिन और खनिजों , विशेषकर विटामिन सी और ई के साथ-साथ पोटेशियम और फोलेट से भरपूर होता है। पोषण विशेषज्ञों का सुझाव है कि सोने से पहले कीवी के सेवन से बेहतर नींद की गुणवत्ता को बढ़ावा मिल सकता है। शोधकर्ताओं का मानना है कीवी सेरोटोनिन से समृद्ध है, जो नींद में सहायक होता है।

केले को पोषक तत्वों का पावरहाउस माना जाता है और सोने से ठीक पहले एक केला खाना नींद न आने की समस्या से निजात दिला सकता है। केले में उच्च स्तर का मैग्नीशियम और पोटेशियम होता है, जो मांसपेशियों को आराम दे सकते हैं।

संपादकीय

ध्वनि प्रदूषण पर हाई कोर्ट ने दिखाए सख्त तेवर

छत्तीसगढ़ में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट में दाखिल की गई एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथ पत्र मांगा है। हाई कोर्ट ने इस मामले में कठोर रूख अख्तियार करते हुए कड़ी टिप्पणी की है कि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। ये सभी चीजें कागजों पर ही हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन ने 4 नवंबर 2019 को प्रत्येक साउंड सिस्टम और पब्लिक एड्रेस सिस्टम में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए साउंड लिमिटर लगाना अनिवार्य कर दिया था। अधिसूचना के मुताबिक कोई भी निर्माता या व्यापारी अथवा कोई भी एजेंसी ध्वनि विस्तारक यंत्रों के क्रय विक्रय या उपयोग तभी कर सकता है। जब उसमें साउंड लिमिटर लगा हो बगैर साउंड लिमिटर के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का यदि उपयोग किया जाता है। तो इसके तहत पांच साल की सजा या 1 लाख रुपए का जुर्माना अथवा दोनों ही लगाया जा सकता है। साउंड लिमिटरी लगाने से ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित ध्वनि से अधिक आवाज करने पर स्वतः ही बंद हो जाते हैं। और उसे फिर से चालू करने में एक घंटे से भी ज्यादा का समय लग जाता है। किन्तु आज तक इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति की याचिका पर सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि यह सब चीजें कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं। हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथ पत्र मांगा है। और पूछा है कि इस अधिसूचना का पालन शब्द और भावना के अनुरूप क्यों नहीं किया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी। देखना होगा कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव क्या जवाब देते हैं। वास्तव में बढ़ता ध्वनि प्रदूषण एक विकट समस्या का रूप धारण कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन आधी रात के बाद तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग आम बात हो गई है। लाउड स्पीकर ही नहीं बल्कि अब तो डीजे की कान फोडू आवाजें भी आधी रात तक लोगों की परेशानी का सबब बनी हुई हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुरूपयोग को रोकने के लिए शासन प्रशासन कारगर कदम उठाने में विफल रहा है। इस बारे में शिकायत की जाती है तो उसे भी गंभीरता से नहीं लिया जाता जबकि कायदे से सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए और ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त किया जाना चाहिए। किन्तु इसकी जिम्मेदारी तय होने के कारण ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। बहरहाल अब छत्तीसगढ़ में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को लेकर दायर की गई याचिका पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। तो यह उम्मीद की जा रही है कि ध्वनि प्रदूषण पर अब प्रभावी रूप से अंकुश लग पाएगा। शीघ्र ही विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू होने वाली है ऐसे में यदि परीक्षा शुरू होने से पहले ही ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने प्रभावी पहल होती है तो छात्रों के अध्ययन में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। ध्वनि प्रदूषण की वजह से परेशान बीमारों और बुजुर्गों को भी राहत मिलेगी। हाई कोर्ट का निर्णय आने के बाद सरकार को बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्यवाही करनी होगी और ध्वनि विस्तारक यंत्रो के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे और इसके लिए संबंधित विभागों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। तभी बढ़ते ध्वनि प्रदूषण की समस्या का समाधान हो पाएगा और लोगों को अनावश्यक शोर गुल से निजात मिल पाएगी। देखना होगा की हाई कोर्ट के फैसले के बाद शासन उसे कितनी गंभीरता से लेता है?

भारत, एयरोस्पेस निर्माण के नए केन्द्र के रूप में उभर रहा है

एयरबस ए220 के दरवाजों का निर्माण बेंगलुरु की फर्म करेगी

बुनियादी ढांचे में सुधार और सरकार के प्रेरित करने के साथ भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण में तेजी आ रही है। अनेक निजी कंपनियों ने भारत को एयरो संरचनाओं, कलपुर्जों, मशीन के अनेक कलपुर्जे जिन्हें एक बड़ी असेंबली की इकाई में लगाया जाएगा और जटिल प्रणाली जो सामान्?य तौर पर अनेक भागों से तैयार की गई है उसके पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने में तेजी से प्रगति की है। अग्रणी वैश्विक मूल उपकरण निर्माताओं ने एयरोस्पेस से संबंधित भागों और असेंबलियों के निर्माण के लिए भारत में संयुक्त उद्यम स्थापित किए हैं जो कई वाणिज्यिक और रक्षा विमानों एवं हेलीकॉप्टरों में अपना रास्ता तलाश रहे हैं। अग्रणी विमान निर्माता एयरबस ने भारत में एकल गलियारे ए220 फैम्?ली एयरक्राफ्ट के लिए सभी दरवाजे बनाने के लिए बेंगलुरु स्थित डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज के साथ अनुबंध किया है। यह अनुबंध न केवल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मेक इन इंडिया पहल की सफलता को भी दर्शाता है।

इस समझौते के तहत, डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज ए220 फैम्ली एयरक्राफ्ट (प्रति विमान आठ दरवाजे) के लिए ओवर-विंग आपातकालीन निकास दरवाजे के साथ-साथ कार्गो, यात्री और सेवा दरवाजे का निर्माण और असेंबल करेगी। विमान के दरवाजे महत्वपूर्ण संरचनाएं हैं, जिनमें सुरक्षा और समग्र दक्षता के लिए कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है।

यह एयरबस द्वारा किसी भारतीय आपूर्तिकर्ता को दिया गया दरवाजों का दूसरा अनुबंध है। इससे पहले 2023 में एयरबस ने ए320 फैमिली के बड़ी संख?या में कार्गो दरवाजे के निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड को दिया था।

आज, प्रत्येक एयरबस वाणिज्यिक विमान और प्रत्येक एयरबस हेलीकॉप्टर के पास भारत में डिजाइन, निर्मित और रखरखाव की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां एवं सिस्टम हैं। स्थानीय निर्माताओं के साथ साझेदारी में एयरबस भारत में लगभग 10,000 नौकरियों में सहयोग करता है। 2025 तक, यह संख्या लगभग 15,000 तक बढ़ने की संभावना है और कंपनी को भारत से अपनी खरीद 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुनी होकर 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है।

3,600 समुद्री मील (6,700 किलोमीटर) तक की रेंज और 100 से 160 यात्रियों के बैठने की क्षमता के साथ, ए220 भारत की उड़ान योजना के लिए आदर्श रूप से अनुकूल है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाना और पूरे देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस साझेदारी की सराहना करते हुए कहा, भारत लगातार दुनिया भर में एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए एक गंतव्य बन रहा है।

डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज को विमान के दरवाजे का सबसे बड़ा ऑर्डर प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड संकल्प के लिए एक बड़ा क्षण है।''

मंत्री ने आगे कहा कि सरकार की व्यापार-समर्थक नीतियां भारत को अधिक से अधिक प्रमुख एयरोस्पेस विनिर्माण देश बनने में मदद कर रही हैं।

क्या उच्चतम न्यायालय भी ''एक्शन'' कम ''परसेप्शन'' बनाने में ज्यादा लग गया है?

राजीव खंडेलवाल

पीठासीन अधिकारी (चुनाव अधिकारी) चुनावी तिथि के दिन तथाकथित रूप से बीमार हो गये। तदनुसार सहायक आयुक्त (डीसी) ने चुनाव की नई तारीख 06 फरवरी निश्चित की। ''कमली ओढ़ लेने से कोई फ़क़ीर नहीं बन जाता'', चुनाव अधिकारी भी उस व्यक्ति मनोनीत पार्षद अनिल मसीह को बनाया गया जो भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का पदाधिकारी रहा है, यह भी बेहद हैरत की बात हैं। 06 फरवरी को निश्चित की गई चुनावी तारीख को गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार टीटा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। तब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 23 तारीख को अंतरिम आदेश पारित करते हुए 30 जनवरी को चुनाव कराने के आदेश इस निर्देश के साथ दिये कि ''पूरी चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जावे। तदनुसार हुए चुनाव में चुनाव अधिकारी द्वारा 8 वोट अवैध घोषित किये गये, जिसके लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। विपरित इसके उन वैध मतों को तथाकथित रूप से अवैध करने की प्रक्रिया करते स्वयं चुनाव अधिकारी ''कैमरे'' में पकड़े गये, जो वीडियो उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत की गई। चुनाव परिणाम घोषित करते ही पीठासीन अधिकारी द्वारा तथाकथित जीते गए उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को तुरत बुलाकर महामहिम की कुर्सी पर बैठा दिया।

राजनीति निसंदेह ''क्रिया'' (कार्रवाई एक्शन) की बजाए ''धारणा'' (परसेप्शन) और ''नरेटिव'' से परिपूर्ण है। और इस मामले में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई मुकाबला ही नहीं है। इसी ''परसेप्श्न व नरेटिव'' के सहारे प्रधानमंत्री ''अबकी बार 400 के पार'' का आत्मविश्वास से भरा कथन संसद में कर रहे थे। वर्तमान परिस्थितियां को देखते हुए इस दावे से एकदम से इंकार भी तो नहीं किया जा सकता है? ''कर्ता से करतार हारे''।

लोकतंत्र को तार-तार कर देने वाली चंडीगढ़ मेयर के चुनावी प्रक्रिया का मामला पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से आवश्यक सहायता न मिलने पर उच्चतम न्यायालय पहुंचा। सुनवाई के दौरान प्रथमदृष्ट्या ''वीडियो'' क्लिक देखने के बाद माननीय मुख्य न्यायाधीश की यह बेहद तल्ख टिप्पणीयॉ थी कि ''यह जनतंत्र की हत्या है''। ''लोकतंत्र मजाक है''। ''पूरे मामले से हम हैरान है। ''चुनाव अधिकारी क्या कर रहे है? ''चुनाव अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए''। उक्त टिप्पणियों ने तो देश के लोकतंत्र की जड़ों को ही हिला दिया। एक बार तो ऐसा लगा कि ''देश में लोकतंत्र तख्त पर नहीं तख्ते पर है''। उच्च न्यायालय की इस बात के लिए भी आलोचना की गई कि ऐसे मामले में ''अंतरिम आदेश'' क्यों नहीं दिया गया? उक्त तल्ख टिप्पणी के बावजूद आश्चर्य की बात यह रही कि स्वयं उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार टीटा जिसे मेयर चुनाव में तथाकथित गड़बड़ी कर हराया गया था, के पक्ष में कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। न तो प्रथम दृष्ट्या दिखते ''शून्य'' चुनाव परिणाम पर रोक लगाई, जिससे की अवैध रूप से निर्वाचित अध्यक्ष को कार्य करने से रोका जा सकता था और न ही लोकतंत्र का गला घोटने वाले अधिकारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के अथवा तत्काल जांच के आदेश दिये। मतदान को एक साजिश के तहत विकृत किया गया हैं, यह अभी अनुत्तरित है।

हाईकोर्ट ने जहां तीन हफ्ते बाद सुनवाई के लिए प्रकरण रखा, वहीं उच्चतम न्यायालय ने दो हफ्ते बाद 19 फरवरी सुनवाई निश्चित की। तत्काल कोई राहत उच्चतम न्यायालय से याचिकाकर्ता को नहीं मिली, सिवाए चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने के साथ निर्वाचन अधिकारी को व्यक्तिगत उपस्थिति के निर्देश दिये गये। इससे इस बात को पूरा बल मिलता है कि, उच्चतम न्यायालय ने यह (परसेप्श्पन) तो पूरा बनाया कि वह लोकतंत्र का प्रहरी है और संविधान में प्रद्रत्त, वर्णित निष्पक्ष व न्यायप्रिय चुनाव आयोग के अपने कर्तव्य के पालन में असफल होने पर वह सबसे बड़ा अभिरक्षक (कस्टोडियन) है। परन्तु क्या वास्तव में ऐसा ''परिणाम'' फलितार्थ हुआ? ऐसे कुछ अन्य ऐसे मामले को आगे उद्धरित किया गया है।

महाराष्ट्र के मामलों को देख लीजिए! जहां उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना की टूट पर विधानसभा अध्यक्ष एवं चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्रवाई पर यह कहा था, उद्धव ठाकरे इस्तीफा न देकर यदि विश्वास मत हासिल करते हुए हार जाते, तब उच्चतम न्यायालय उनको मुख्यमंत्री पद पर पुनर्स्थापित कर सकता था। यह न्यायालय का न्याय के प्रति क्या मात्र परसेप्श्न था? क्योकि अंत में जो निर्णय आया वास्तव में उसमें क्या हुआ? ''काजी के प्यादे घोड़ों पर सवार हो गये''। स्पीकर के निर्णय ने यह स्थिति ला दी कि समस्त विधायक शिंदे ग्रुप के ही हो गये और अब विधानसभा में शिंदे ग्रुप के व्हिप का विरोध करना सदस्यता खोने के खतरे से खाली नहीं होगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रोल बॉड के विषय में उच्चतम न्यायालय का निर्णय महीनों से आदेशार्थ बंद है। आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने अथवा चुनाव होने के बाद निर्णय आयेगा, तब क्या याचिका का उद्देश्य ही व्यर्थ नहीं हो जाएगा?

उच्चतम न्यायालय की चंडीगढ़ महापौर के मामले में दो प्रमुख गलती स्पष्ट रूप से प्रतीत होती दिखती है। प्रथम वीडियो के आधार पर उपरोक्त रिर्माक किये गये, जिस वीडियो की पुष्टि कोई ''फोरेंसिक जांच'' किये बिना उस पर विश्वास कर तथा उसका साक्ष्यात्मक मूल्य कितना होगा, उस पर विचार किये बिना 'मत' बना लेना, कितना न्यायोचित है? दूसरा उच्चतम न्यायालय ने तल्ख व तीखे तेवर दिखाकर वही स्टैंड लिया जो उच्च न्यायालय ने शांतिपूर्वक रहकर यह कहकर लिखा कि यह जांच का विषय है, इसलिए दूसरे पक्ष का जवाब आने पर ही इस पर कोई आदेश पारित किया जा सकता है। इससे उच्च न्यायालय की तुलनात्मक रूप से गरिमा ज्यादा दिखती प्रतीत है, भले ही कानूनी रूप से उनका स्टैंड सही नहीं कहा जा सकता है। परन्तु उन्हे भी ''सही'' करने का काम तो उच्चतम न्यायालय ने नहीं किया। ऐसा लगता है, उच्चतम न्यायालय के मन-मस्तिष्क में वह ''सर्वोच्च'' के साथ श्रेष्ठतम है, ''भाव'' के साथ परिस्थितियों, तथ्यों पर कई बार गहराई पर जाये बिना ऐसी त्वरित टिप्पणियां व आदेश पारित कर दी जाती है, जो सामान्यतः कानूनविदों के गले उतरती नहीं है। शुरू से ही देखे, मेयर के चुनाव में प्रशासन ने रुकावटें डाली व गंभीर अनेतिकता का प्रदर्शन किया। सामान्यतः 1 जनवरी को मेयर पद ग्रहण कर लेता है। यहां पर संख्या की दृष्टि से भाजपा व अकाली दल के 16 पार्षद (14+1+1) सांसद प्रतिनिधि सहित थे। जबकि आप व कांग्रेस पार्टी में गठबंधन हो जाने के कारण कुल 20 पार्षद हो गये थे। पहली बार जब 10 जनवरी को मेयर चुनाव की तारीख 18 जनवरी घोषित हुई थी, तब तक आप व कांग्रेस का गठबंधन नहीं हुआ था। बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार ने भी पर्चा भरा था। बाद में जब कांग्रेस उम्मीदवार को फार्म वापिस लेने के लिए वह कार्यालय न पहुंच सके उसके लिए घर में ही उसे नजरबंद कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर होने पर उनकी मुक्ति हुई। परन्तु 18 जनवरी की चुनावी तिथि के पूर्व ही 16 तारीख को गठबंधन हो गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1774 एंड्रयू बेकर डाइविंग सूट प्रदर्शन में हिस्सा लिया। 1798 फ्रांसीसी जनरल लुइस-एलेक्जेंडर बेर्थियर ने पोपेटी को बिजली से हटा दिया। 1823 विश्व की पहली कार्निवल परेड कोलोन, प्रशिया में हुई थी1840 यूनाइटेड किंगडम की रानी विक्टोरिया ने चचेरे भाई प्रिंस अल्बर्ट से सक्स-कोबर्ग और गोथ से शादी की। 1841 संघ के अधिनियम की कनाडा में घोषणा की गयी। 1846 अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया। 1868 ब्रिटिश युद्ध कार्यालय ने आर्मी पोस्ट ऑफिस कोर गठन को मंजूरी दी। 1879 अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया। 1897 धर्म की स्वतंत्रता मेडागास्कर में घोषित किया गया। 1912 फ्रेंच सीनेट ने मोरक्को समझौते को मंजूरी दी। 1917 जोहान्ना वेस्टरडिंच नीदरलैंड की पहली महिला प्रोफेसर बनी। 1927 जेआरडी टाटा पायलट लाइसेंस पाने वाले पहले भारतीय बने। 1931 नई दिल्ली भारत की राजधानी बनी। 1961 कनाडा में नियाग्रा जलप्रपात की पनबिजली परियोजना से बिजली का उत्पादन शुरु हुआ।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:12, सूर्यास्त : 06:10, चन्द्रास्त : 17:19

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः : शिशिर, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : वरीयान, प्रथम करण : शकुनि (08:02 तक), द्वितीय करण : चतुष्पाद (18:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : मकर, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:53, अमृत काल : 14:17 से 15:42, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:02 से 23:29, विजय मुहूर्त : 14:21 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त : 17:57 से 18:24, सायाह्न सन्ध्या : 18:00 से 19:18, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:57, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:16 से 16:38, दुर्मुहूर्त : 09:14 से 09:58, होमाहुति : केतु (23:29 से सूर्य), दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (08:02 तक)।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) अल्जाइमर बीमारी क्या है?

2) नील हरित शैवाल द्वारा किस फसल में नाइट्रोजन स्थिरीकरण किया जाता है?

3) चितरंजन लोकोमोटिव द्वारा प्रथम विद्युत इंजन का निर्माण कब किया गया?

4) टेब्युलेटर जिसका उपयोग सांख्यिकीय सूचनाओं को संचालित करने हेतु कार्ड्स को पंच करने के लिए किया जाता है, का आविष्कार किसने किया था?

5) किसे वाइल्डलाइफफोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2023 मिला है?

उत्तरमाला- (1) स्मृति और संज्ञानात्मक कौशल को प्रभावित करने वाली एक प्रगतिशील मस्तिष्क स्थिति (2) धान की फसल (3) 1961 (4) हरमन होलेरिथ (5) नीमा सरीखानी, आइस बेड

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको चल-अचल संपत्ति संबंधित कार्यो में सफलता मिलेगी। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे।

वृषः आज का दिन आप छोटी मोटी परेशानियों को छोड़ सुख पूर्वक बिताएंगे। व्यवसायी वर्ग आज किसी महत्त्वपूर्ण योजना को लेकर परेशान रहेंगे लेकिन किसी की सहायता मिलने पर इससे धन लाभ कमाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में आलस्य अधिक रहने से कार्यो के प्रति लापरवाही करेंगे।

कर्कः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यो को गंभीर होकर करेंगे जिससे सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी।

सिंहः आज के दिन घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों में कमी आने से राहत अनुभव करेंगे। आज लोग आपके प्रति सहानुभूति दिखाएंगे।

कन्याः आज का दिन मिला-जुला फल देगा आज आप जिस जगह से कुछ भी आशा करेंगे वहां निराशा मिलेगी इसके विपरीत जहां से कोई उम्मीद नही वहां से लाभ होगा।

तुलाः आप आज दिन के आरंभ में यदि गुस्से को काबू करेंगे तो बाद में पछताना नही पड़ेगा।

वृश्चिकः आज दिन के आरंभिक भाग में किसी व्यक्ति विशेष से आकस्मिक लाभ होगा लेकिन इसके बाद का अधिकांश समय आपकी सोच के एकदम उल्टा रहेगा।

धनुः आज आपको अपने द्वारा किये गए कार्य से संतोष होगा परिवार के सदस्य अथवा मित्र परिचित भी आपकी कार्य कुशलता की प्रशंसा करेंगे।

मकरः आज दिन के आरंभ में कोई शुभ समाचार मिलने से प्रसन्न रहेंगे लेकिन प्रसन्नता आज ज्यादा देर नही टिकेंगी।

कुंभः आज दिन के प्रथम भाग को छोड़ शेष नई समस्याए खड़ी करेगा।

मीनः आज का दिन भी आपके लिये अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज आपकी आलसी प्रवृति एवं धीमी गति से कार्य करने की आदत लाभ को आगे सरकायेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -329

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक328 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

न्यूज गैलरी

राज्यपाल से रक्षा सेवा के वरिष्ठ एवं प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में नेशनल डिफेंस कॉलेज (NDC) के प्रशिक्षुओं सहित राष्ट्रीय रक्षा सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विदेश से आए रक्षा सेवा के अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। ये अधिकारी छत्तीसगढ़ में अध्ययन भ्रमण पर आए हैं। राज्यपाल ने इन अधिकारियों से कहा कि वे छत्तीसगढ़ में भ्रमण कर यहां की समृद्ध संस्कृति देखे, यहां के लोगों से मिले और देखें कि केंद्र और राज्य शासन के समन्वय से राष्ट्र विरोधी ताकतों से कैसे मुकाबला किया जा रहा है। राज्यपाल ने भ्रमण के पश्चात अपने अनुभव साझा करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि आपके अनुभवों से देश को फायदा मिले। इन अधिकारियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।इस अवसर पर मेजर जनरल श्री समर्थ नागर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने धान के उठाव के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने अभनपुर के ग्राम केंद्री स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे।

उन्होंने वहां धान खरीदी के उठाव की जानकारी ली और बचे धान के जल्द उठाव के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि इस समिति में इस वर्ष 75 हजार 138 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हुई। साथ ही अबतक 71 हजार 710 क्विंटल धान का उठाव हुआ और 3 हजार 50 क्विंटल धान का उठाव शेष है।

जनवादी लेखक संघ की संगोष्ठी 12 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ द्वारा पुस्तकों पर चर्चा के क्रम में प्रख्यात बाल कविताओं के रचनाकार कमलेश चंद्राकर की कविताओं पर गोष्ठी 12 फरवरी 2024 को आयोजित है । सोमवार 12 फरवरी को अगासदिया परिसर में दोपहर 2.00 बजे होने वाली गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा, अध्यक्ष गजेन्द्र झा एवं विशेष अतिथि गुलबीर सिंह भाटिया होंगे । पुस्तक पर समीक्षा, वक्तव्य एवं सस्वर पाठ भी होगा । श्रीमती संतोष झांझी, डॉ. डी.पी. देशमुख, महंत अंतराम, राजेन्द्र साहू, रामकुमार वर्मा, महेश वर्मा, नारायण चंद्राकर, अरूण अग्रवाल, राकेश बम्बार्डे , बद्रीप्रसाद पारकर वक्तव्य देंगे । बाल कविताओं का सस्वर पाठ कलासिद्ध राजेन्द्र साहू, महंत अंतराम एवं श्रीमती संतोष झांझी करेगी। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा आयोजन पर वक्तव्य देंगे ।

एस.एम.सी. हार्ट-आइवीएफ रिसर्च इंस्टिट्यूट ने फिर रचा नया कीर्तिमान

रायपुर/नवप्रदेश। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर और सुविख्यात वरिष्ठ हृदय-रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश

सूर्यवंशी ने बताया की उनकी टीम और उन्होंने मिलकर छत्तीसगढ़ में पहली बार एक महीने में 100+ एंजियोप्लास्टी और 40+ सर्जरी करके नया रिकॉर्ड बनाया है। वरिष्ठ हृदय-रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.एस. मोहंती, डॉ.अक्षत जैन, डॉ.भरत अग्रवाल और प्रख्यात कार्डियक सर्जन डॉ.अजय चौरसिआ के नेतृत्व में ये उपलब्धि हासिल हुई है। पिछले छह वर्षों में हॉस्पिटल में 5000 एंजियोप्लास्टी, 2000 कार्डियक सर्जरी और चिरायु योजना के अंतर्गत 300 जटिल कार्डियक सर्जरीसफलतापूर्वक किये गए हैं। एक समर्पित टीम और कम लागत चिकित्सा पद्धति से मरीज़ों का विश्वास हासिल किया है। छत्तीसगढ़ को स्वास्थ क्षेत्र में बेहतरीन चिकित्सा प्रदान करते हुए, एस.एम.सी. हार्ट इंस्टिट्यूट-आइवीएफ रिसर्च इंस्टिट्यूट, अब 150-बिस्तरों वाला सुपर-स्पेशिऐलिटी हॉस्पिटल है, जहाँ हृदय-रोग और आइवीएफ के अतिरिक्त आपातकालीन सेवाएं, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएनेटेरोलॉजी, न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी, किडनी एवं डायलिसिस, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी और अन्य सारी सुविधाएँ उपलब्ध है।

छत्तीसगढ़ का बजट मोदी जी की गारंटी को पूरा करने वाला : बाफना

- **व्यापारियों के लिए खुशियों भरा बजट, कर में ना कोई नया प्रस्ताव, ना ही दरों में वृद्धि**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। इस पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा है कि यह बजट आने वाले कई वर्षों तक छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा और दशा संवारने वाला बजट है,यह बजट प्रदेश का राजस्व बढ़ाने वाला बजट है, इस बजट में व्यापारी जगत के लिए अच्छी बात यह रही की कर का कोई नया प्रस्ताव नहीं है, न ही मौजूदा करों की दरों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव है। यह बजट सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट है।

श्री बाफना ने कहा की अमृतकाल का छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। बजट में सभी वर्गों की चिन्ता की गई है. यह बजट हमारी सरकार का विजन डॉक्युमेंट भी है, जो छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास की परिकल्पना को दर्शाता है,हमारा प्रयास आने वाले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को दोगुना करने का होगा।वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट केवल पैसे का लेखा-जोखा नहीं, अपितु छत्तीसगढ़ के भविष्य की उन्नति की आधारशीला है। बजट के माध्यम से टेक्नालॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है।

यह बजट सामाजिक-आर्थिक विकास के हर आयाम को छूने वाला और मोदी जी के गांरटी को पूरा करने वाला बजट है।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ

- **मातृ शक्ति को स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भरता देना सरकार का पहला लक्ष्य**
- **स्व-सहायता समूहों के नवाचारों से मिल रही है पूरे परिवार को नई दिशा**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्श में शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को उन्होंने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में रायपुर (उत्तर) विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री विश्वदीप सहित नगर निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन, नगर निगम, पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मातृ शक्तियों के कल्याण हेतु संचालित की जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशन में शक्ति वंदन के साथ सरकार हर घर को समृद्ध, सुशिक्षित, सुविकसित करने के संकल्पों के साथ हर परिवार के आधार माताओं एवं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन, लखपति दीदी जैसी, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी कई योजनाएं इस समय संचालित है, जिससे पूरे परिवार को अब आर्थिक संबल मिल रहा है। समारोह को विधायक श्री मिश्रा, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर स्वावलंबन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही महिला शक्तियों को सम्मानित करने के साथ ही स्वनिधि हितग्राहियों को उपमुख्यमंत्री श्री साव के हाथों चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सोना वर्मा, पार्षद भोलाराम साहू, रोहित साहू, पुरुषोत्तम बेहरा, किशोर महानंद, सत्यम दुआ, प्रभा दुबे, अनिल अग्रवाल सहित महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शहरी और ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक व स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने की परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में रायपुर रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की कलेक्टर गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक रेडक्रॉस सभाकक्ष मे हुई। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप सहित जिले के सारे बैंकों की प्रतिनिधि, जिले के प्रमुख कार्यालय की प्रतिनिधि उप महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, डीडीएम, नाबार्ड, प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, संचालक, मत्स्य, अंत्यावसायी, खादी एवं उदयोग बोर्ड, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि आदि उपस्थित थे । उपरोक्त बैठक में जिले की बैंकिंग सम्बन्धी प्रगति के आकड़ों को समिति के समक्ष अग्रणी जिला प्रबंधक अमित रंजन द्वारा प्रस्तुत किया गया । कलेक्टर द्वारा पिछले जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया।

कलेक्टर-एसपी ने ली गुंडों-बदमाशों की क्लास, सुधर जाने की दी हिदायद

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह एवं एसपी संतोष सिंह ने शहर के गुंडे बदमाशों को सिटी कोतवाली बुलाकर क्लास ली। उन्होंने सभी गुंडो बदमाशों से पूछा की उन्होंने कितने अपराध किए हैं और कितने समय पहले अपराध किए। डॉ गौरव सिंह ने कहा जो अभी भी अपराध में लिप्त है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो लंबे समय से अपराध दूर हैं उन्हे चिन्हांकित किए जाएंगे, इनमें जो खुद का व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत योजना का लाभ दिया जाएगा, ताकि वे अपने व्यवसाय को गति प्रदान कर सकें और अन्य को श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत किया जाएगा और प्रशिक्षण प्रदान कर विभाग की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा, ताकि वे समाज की मुख्य धारा में जुड़े रहें। एसपी श्री सिंह ने कहा कि सभी गुंडे बदमाश सुधर जाएं और अपराध से दूर रहें। साथ ही अच्छा नागरिक बनकर परिवार के साथ खुशहाली का जीवन व्यतीत करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम साव के निर्देश के बाद टंकी निर्माण में आई तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम देवरहट में पानी टंकी (उच्च स्तरीय जलागार) के निर्माण का काम तेजी से शुरू हो गया है। विगत दिनों एक कार्यक्रम में शामिल होने देवरहट पहुंचे उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री साव से ग्रामीणों ने पानी टंकी के निर्माण में लेट-लतीफी की शिकायत की थी। साव ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यस्थल का निरीक्षण कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पानी टंकी का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद विभाग ने तुरंत ही पानी टंकी का निर्माण पूर्ण करने तेजी से काम प्रारंभ कर दिया है।

1 करोड़ 45 लाख में बनाई जा रही पानी टंकी

कार्यपालन अभियंता ने बताया कि देवरहट में हर घर तक शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए करीब एक करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से उच्च स्तरीय जलागार बनाया जा रहा है। इसके निर्माण से गांव के 437 परिवारों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री साव के निर्देश पर तेजी से इसका निर्माण पूर्ण किया जा रहा है।

एसपी ने ली रक्षित केन्द्र में परेड की सलामी

- **परेड पर दिया जोर, पुलिस में अनुशासन लाता है परेड। अच्छे टर्नआउट वालों को पुरस्कृत और खराब वर्दी वालों को दी गई सजा**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में लंबे अंतराल के बाद आज दिनांक 09.02.2024 को नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के द्वारा जनरल परेड में सलामी ली गई तथा रक्षित केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया।

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड़ में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, और थाना प्रभारियों सहित जिले के 300 से अधिक पुलिस कर्मचारी उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक ने जोर दिया कि कवायद का मुख्य उद्देश्य अनुशासन के पालन की भावना का निर्माण करना, उसे बनाये रखना एवं अच्छी वेशभूषा पहनना तथा पुलिस बल के स्वाभिमान को बनाये रखना है। कवायद जवानों को फील्ड कार्य का प्रशिक्षण देने का भी

महत्वपूर्ण सहायता करती है, क्योंकि कवायद से जवान आदेशों का कड़ाई तथा निश्चित रूप से पालन करना सीखता है तथा बल के जवानों में उस बल के लिये गर्व एवं विश्वास का एहसास पैदा होता है। सही ढ़ंग से कवायद करने से जवानों को अपना व्यक्तिगत एहसास भूलाकर सामूहिक वजूद का एहसास करने में सहायता मिलती है। जिससे सामूहिक मनोबल एवं मिल-जुल कर कार्य करने की भावना विकसित होती है। यातायात पुलिस को सड़क पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए ड्रिल कराया गया। पुलिस के वाहनों की एमटी परेड में जांच किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य, अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले 09 अधिकारी व जवानों के मनोबल को बढ़ाने हेतु ईनाम और लापरवाही, अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले 23 अधिकारी व जवानों को सजा दिया गया।

छत्तीसगढ़ विस का वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेंडर और डायरी का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेंडर एवं डायरी का विमोचन विधानसभा परिसर स्थित माननीय अध्यक्ष के कक्ष में माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं माननीय नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने किया । इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मान.श्री धरमलाल कौशिक, मान. विधायक श्री किरण देव एवं विधानसभा सचिव श्री दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproccgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. **15274**/निविदा सूचना क्र. 19/व.ले.लि./2023-24 दि. 07.02.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.02.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - कांकेर जिले के विकासखण्ड कांकेर की चिनार नदी पर भैराडीह एनीकट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 284.72 लाख
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **14.02.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कांकेर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
जी-07627/4

सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए बनी समितियों को समाप्त करने का निर्णय लिया: बृजमोहन अग्रवाल

- **स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा**
- **आरडी तिवारी स्कूल मामले की जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बिगड़ी व्यवस्थाओं, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर लगे ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पर शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपना जवाब पेश किया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, स्वामी आत्मानंद पूरे देश में पूजनीय हस्ती हैं । हम सभी के हृदय में उनके लिए सम्मान है। और उनके नाम से खोली गई स्कूलों में बच्चों का भविष्य बनाने की बजाय उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग से अलग करके कलेक्टर के अधीन दे दिया गया। वहां अव्यवस्थाएं ज्यादा हैं, जिसको देखते हुए सरकार ने कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए बनी समितियों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। अब से स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा। इसके साथ ही पहले ये स्कूल जिन महान हस्तियों के नाम से जाने जाते थे। उनका नाम एक बार फिर से स्वामी आत्मानंद से पहले जोड़ा जायेगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
Phone No. 07723-223731, E-mail: eephe-mah-cg@nic.in
क्र. 414/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./ लो.स्वा.यां.खण्ड/2023-24/ महासमुंद दिनांक 06/02/2024
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (online) की निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नामः- महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत सिंगल विलेज/रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत नवीन नलकूप खनन कार्य ।

निविदा क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3	4
160/06-02-2024	152607	वि.ख. सराईपाली के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी, व्यास के 305 मीटर गहराई के 53 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	143.10
161/06-02-2024	152608	वि.ख. सराईपाली के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 305 मीटर गहराई के 51 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	137.70
162/06-02-2024	152609	वि.ख. बसना के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 305 मीटर गहराई के 57 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	153.90
163/06-02-2024	152610	वि.ख. पिथौरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 19 नग नलकूप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	23.18
164/06-02-2024	152611	वि.ख. बागबाहरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 18 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	21.96
165/06-02-2024	152612	वि.ख. महासमुन्द के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 25 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	30.49

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 26.02.2024 सायं 5.30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 28.02.2024।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड महासमुंद (छ.ग.)
जी- 07635/8

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग (छ.ग.)
क्र./विप/खाद-परिवहन/2024-25/3023 दुर्ग, दिनांक 09/02/2024
खाद परिवहन हेतु निविदा सूचना

वर्ष 2024-25 में जिला दुर्ग/ बालोद/ बेमेतरा जिले के 12 खाद संग्रहण केन्द्र **दुर्ग, धमधा, पाटन, सेलूद, हथखोज, बालोद, गुरूर, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही, बेमेतरा, मुरता (नवागंढ़), साजा (भरदाडीह)** से संबद्ध 311 प्राथमिक सहकारी समितियों एवं उनके खाद वितरण केन्द्रों तक रासायनिक खाद के परिवहन हेतु सीलबंध लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है इच्छुक निविदाकर्ता 1500/- रू. का चालान जमा कर निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।

1. निविदा फार्म हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 23/02/2024 को कार्यालयीन अवधि पर (अवकाश के दिनों को छोड़कर)
2. निविदा फार्म जमा करने की तिथि - दिनांक 27/02/2024 को 2.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 28/02/2024 दोपहर 12 बजे से बैंक मुख्यालय दुर्ग में खोली जावेगी।

निविदा फार्म को परिवहन कमेटी के समक्ष खोला जावेगा। यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित दिनांक को नहीं खोली जा सकी तो आगामी तिथि की सूचना पटल पर सूचित की जावेगी। निविदा फार्म में अंकित निविदा शर्तों का पालन करना निविदाकर्ता को बंधनकारी होगा तथा बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार बैंक परिवहन कमेटी के पास सुरक्षित होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग

नेशनल हाईवे के किनारे से हटाए जा रहे अतिक्रमण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। डब्ल्यू पीपीआईएल 58 के 2019 की सुनवाई में हाईकोर्ट बिलासपुर ने रोड़ किनारे अवैध कब्जाधारियों का संज्ञान लिया। उसके बाद अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी सिमगा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं भा.रा.रा.प्रा. द्वारा नेशनल हाइवे के किनारे अवैध रूप निर्माण किए गये मकान,दुकान, ढाबा के हटाने हेतु सूचना नोटिस जारी किए गये थे। इसके तहत सिमगा-सरगांव भा.रा.रा. संख्या 130 कि.मी. 48.580 से कि.मी. 91.026 के अंतर्गत जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत 10 जनवरी को 33 कब्जा हटाने हेतु कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा की और लेख किया गया था। जिस पर तहसीलदार द्वारा कार्रवाई करते हुए 2 फरवरी से कब्जा हटाने हेतु कार्रवाई करते हुए 12 कब्जा ग्राम खण्डुवा, बनसांकरा, बैकोनी एवं चंदेरी में हटाया गया। इसी तरह 7 फरवरी को 20 दामाखेड़ा से नांदघाट (खास) एवं 8 फरवरी को 7 नांदघाट से दरचूरा से हटाया गया है।

नारी और गातापार के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर गांधी

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कुरूद ब्लाक के ग्राम पंचायत नारी और गातापार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर आजीविका के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ग्राम पंचायत गातापार में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे बकरी, मुर्गी पालन सहित आजीविका मूलक गतिविधियों की सराहना की। ग्राम पंचायत नारी में माटीकला बोर्ड और हाथकरघा में संलग्न समूह की महिलाओं और एजेंसी से चर्चा कर इसे और अच्छे तथा वृहद पैमाने पर करने कहा। साथ ही माटीकला के तहत् तैयार वस्तुओं को गंगरेल और राजिम कुंभ मेला में विक्रय करने की समझाइश दी। साथ ही हाथकरघा वस्त्र निर्माण कार्य में गति लाने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत नारी में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं द्वारा जमा किये जा रहे आवेदन का भी अवलोकन किया और अधिक से अधिक महिलाओं को इसका लाभ लेने की अपील की।

सांवरा बस्ती में लगा विशेष शिविर तीन सौ से ज्यादा लोग लाभान्वित

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। शहर के नजदीक स्थित सांवरा बस्ती में विभिन्न विभागों द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि बनाएं गए। इसके साथ ही विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें 116 लोग लाभान्वित हुए है। स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर में 52 व्यक्तियों का सिकलिंग टेस्ट, 6 का नेत्र परीक्षण ,18 मलेरिया, आरबीएस 20, ब्लड प्रेशर 21 जांच करते हुए 22 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग द्वारा 130 लोगों का जन्म प्रमाण पत्र हेतु फार्म भरवाया गया है।

शिक्षित बेरोजगारों के लिए बजट में प्रावधान नहीं : इंद्र साव

■ **निराशाजनक बजट**

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा में पेश किए गए बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा वित्त मंत्री से यह उम्मीद थी कि ऐसा बजट पेश करेंगे कि प्रदेश को एक नई दिशा देकर विकास का मार्ग प्रशस्त होगा परन्तु बजट से निराशा हुई। विधायक इंद्र साव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वित्त मंत्री चौधरी ने लच्छेदार शब्दों का जाल फैलाकर जिन दस स्तंभों के जरिए प्रदेश का विकास करने का सपना दिखाया गया है, उसमें नया कुछ भी नहीं है। यह बजट कृषि के क्षेत्र में विकास हेतु कोई योगदान नहीं करेगा। इस बजट से छत्तीसगढ के ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त करने में कोई भी सहायता नही मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को महतारी वंदन का लालीपाप भर पकड़ाया गया है उनकी आय बढ़ाने हेतु कोई प्रावधान नही है। साव ने आगे कहा कांग्रेस की सरकार ने विगत पांच वर्षो में जिन योजनाओं को बढ़ावा दिया है उनका ही नाम बदल कर बजट प्रावधान किए गए है। स्कूल कालेजों की संख्या में वृद्धि तथा भवनों का निर्माण करने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं परन्तु रिक्त पदों को भरने का वादा नही किया है। अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। रमन सरकार पंद्रह वर्षों तक जीरो ट्रालरेंस की बात करती रही थी परन्तु भ्रष्टाचार पर कोई अंकुश नही लगा सके थे। इस बजट में भी लोक सेवकों के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कोई बात नही की गई है।छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदों के विपरित वाला बजट रहा।

2 अवैध शराब कोचिए पकड़ाए

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लवन थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो गांवों से शुक्रवार 9 फरवरी को दो शराब कोचिए को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी लवन केसर पराग के नेतृत्व में आज को विशेष अभियान चलाया गया एवं 02 अलग-अलग टीम गठित कर कार्यवाही की गई, सुबह पहली टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम करदा में आरोपी लेखराम चेलक पिता गणेशु चेलक उम्र 35 साल के घर में छुपा कर रखे तीन सफेद रंग के प्लास्टिक डब्बा में भरे हुए कुल 6 लीटर हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब कीमती 1200 बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

दूसरी टीम द्वारा ग्राम लाटा सिरियाडीह मेन रोड रोड में मुखबीर की सूचना पर रेड कार्रवाई कर बाइक से शराब बिक्री के लिए ले जाते हुए आरोपी देव प्रसाद साहू पिता राधेश्याम साहू (55) ग्राम लाटा के कब्जे में 42 पाव गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब कुल 7.56 लीटर कीमती 5040/- एवं एक बाइक क्र. छ्त्त 22 2 7535 कीमती 25000/ को बरामद कर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। इस कार्यवाही में प्र.आर. अजय कुमार अंचल एवं रामकृष्ण पटेल ने योगदान दिया।

अवैध शराब बेचता आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। करहीबाजार पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ा। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली अमित तिवारी चौकी प्रभारी करहीबाजार नवीन शुक्ला के मार्गदर्शन में आज पुलिस चौकी करही बाजार को जरिए मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम लालपुर में कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर पुलिस चौकी करहीबाजार स्टाफ द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी विनोद निषाद पिता कलाराम निषाद उम्र 32 साल साकिन लालपुर पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के कब्जे से दो नग पीला कलर के जरीकेन में भरी हुई 5-5 लीटर कुल 10 लीटर हाथ भटटी कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 2800/रू. को बिक्री करते मिलने पर जप्त किया।

पेशा कानून की कार्रवाई से पहले ग्राम सभा की लेनी होती है अनुमति

■ **केशोडार में सामुदायिक भवन का जिपं सभापति ने किया लोकार्पण**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गुरुवार 8 फरवरी को ग्राम केशोडार में शीतला सामुदायिक भवन का लोकार्पण लोकेश्वरी नेताम सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने किया। लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि जिले के तीन ब्लाक छुरा, मैनपुर एवं गरियाबंद आदिवासी ब्लाक हैं। जहां पेशा कानून लागू है। इन पेशा क्षेत्रों के जल,जंगल, जमीन, खान, खनिज के मालिक पंचायत क्षेत्र की ग्रामसभा, ग्राम पंचायत के सदस्य, झाखर, बैगा, पुजारी व ग्राम प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर या किसी अन्य अधिकारी को किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के पूर्व ग्रामसभा की अनुमति लेना आवश्यक है। बिना सूचना के कोई भी अधिकारी इन क्षेत्रों में कार्यवाही या प्रवेश का अधिकार नहीं रखते। यहां तक पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को भी पेशा क्षेत्र में प्रवेश व कार्यवाही के पूर्व ग्रामसभा ग्राम प्रमुखों को सूचित करना अनिवार्य है। दो ग्राम पंचायतों के बीच सीमा विवाद ना हो इसके लिये परंपरागत ठूठी मौली गाड़कर

सीमा निर्धारण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि हमने अपनी सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया तो उद्योगपति, व्यापारी गांवों की जमीन पर कब्जा कर लेंगे। वर्तमान कानून आदिवासियों के पक्ष में हैं। हमें हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं से कहा कि बच्चों को शिक्षा पर जरूर ध्यान दें। उन्हें शिक्षित करना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य रमशीला बाई चंद्रवंशी ने शराब से दूरी बनाये रखने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता सरपंच चमरू राम नेताम ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच आरती ध्रुव, नरेंद्र कुमार ध्रुव, ठाकुर राम सोरी, पंचायत सचिव कीर्तन राम साहू,नंदलाल सोरी संतोष ध्रुव हेमलाल ध्रुव संतोष कुमार बरई आदि थे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही मोदी सरकार : गफ्फु मेमन

■ **सांस्कृतिक भवन में महिला स्व सहायता समूह सम्मेलन का आयोजन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय गरियाबंद के सांस्कृतिक भवन में आज शक्ति वंदन अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों ने आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना के फॉर्म जमा किये। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके सभापति आशिफ मेमन सहित अन्य पार्षदगणों ने 2 स्वसहायता समूह को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 लाख एवं 1 लाख का लोन का चेक भी प्रदान किया गया। इस असवर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाओ को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में काम कर रही हैं। स्व सहायता समूह के माध्यम से एकजुट होकर आज शहर और गांव में महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है। राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना लागू की है। कार्यक्रम की नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी-महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं एवं एन.जी.ओ. को पुरस्कृत किया गया। मौके पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत गठित नारी शक्ति मिहला स्वसहायता समूह को 1 लाख रुपये एवं दंतेश्वरी स्वसहायता समूह को 4 लाख रुपये का ऋष्ण हेतु चैक भी प्रदान किया। इस अवसर कर कार्यक्रम में स्वय सहायता समूहों के सदस्य, एरिया लेवल फेडरेशन सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित थे।

धमतरी एसपी ने संभाला पदभार

धमतरी/नवप्रदेश। शुक्रवार 9 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी में नए पदस्थ पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय (भापुसे.)ने सलामी लेकर पदभार ग्रहण किया। इसके बाद पुलिस कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारियों से परिचय लेकर सभी से रूबरू हुए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, राजपत्रित अधिकारी, स्टॉफ ने एसपी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एसपी ने कहा कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि समाज के आखिरी वर्ग तक न्याय की पहुंच हो, सुसंगत धारा में अपराध दर्ज करें और न्याय सुनिश्चित कर पाएं। नक्सल और मैदानी क्षेत्रों की चुनौतियां अलग होती है। हमारी भी एक सीमा नक्सल प्रभावित है।

अपराध पर अंकुश लगाना, बेहतर कानून व्यवस्था एवं बेसिक पुलिसिंग को लेकर निर्देश दिए-इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह,उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह,डीएसपी भावेश साव,रागिनी मिश्रा,डीएसपी. ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी.परि.सुश्री विंकेश्वरी पिंदे, थाना प्रभारी धमतरी निरी. ब्रिजेश तिवारी, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी राजेश मरई,डीसीबी. प्रभारी निरी.प्रणाली वैद्य, ट्रैफिक निरी.शरद ताम्रकार, उनि.चंद्रकांत साहू, स्टेनो अखिलेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

शांति कुर्रे का निधन

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम हरिनभट्ठा निवासी श्रीमती शांति कुर्रे का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार 9 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम हरिनभट्ठा (पलारी) में किया गया। वे नुरेन्द्र कुर्रे और सुनील कुर्रे अध्यक्ष -ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी की माता थी। उनकी अंतिम संस्करा में विधायक संदीप साहू सहित ग्राम और पलारी के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

किसान और ग्रामीण...

के अनुरूप तीव्र आर्थिक विकास की विकेंद्रीकृत नीति पर काम करेंगे। विकेंद्रीकृत विकास पॉकेट के आधार पर काम करेंगे। रायपुर भिलाई जैसे क्षेत्र की अपनी अलग विशेषता है। इसलिए इसके आसपास स्टेट कैपिटल रीजन बनाएंगे। इस क्षेत्र को विश्वस्तरीय आईटी सेक्टर, वेडिंग डेस्टिनेशन, एजुकेशन डेस्टिनेशन, हेल्थ केयर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की हमारी रणनीति होगी। नया रायपुर अटल नगर में इस बजट में लाइवलीहुड सेंटर आफ एक्सीलेंस, दुर्ग में सेंटर आफएंटरप्रेन्योरशिप का लक्ष्य रखा गया है।

पांच साल तक विकास से अछूते रहे गए बस्तर-सरगुजा

वित्तमंत्री ने प्रदेश के सबसे उत्तरी और दक्षिणी छोर यानी सरगुजा और बस्तर के विकास की दृष्टि से 'बस्तर और सरगुजा की ओर देखो' को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि, पिछले 5 सालों में कांग्रेस के कार्यकाल में बस्तर सरगुजा क्षेत्र आर्थिक विकास की दृष्टि में अछूते रहे हैं। इन क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सार्थक पहल की जाएगी। ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन नेचुरोपैथी डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे ले जाएंगे

छत्तीसगढ़िया संस्कृति का विकास करने को अपनी योजना का अहम हिस्सा बताते हुए श्री चौधरी ने कहा कि, लंबे समय तक एकछत्र राज होने के बावजूद कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण नहीं किया। यह काम किया तो देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की भाषा, तीज त्योहार, संस्कृति-साहित्य सभी को आगे बढ़ने का काम बीजेपी की सरकार करेगी। हमारी सरकार की छत्तीसगढ़ के प्रति जो भावना है, हमको कोई देवलोक नहीं चाहिए। हमें पुनर्जन्म नहीं चाहिए। हम छत्तीसगढ़ को विकास की छांव देने के लिए एक छानी बनना चाहते हैं।

गढ़बो नवा... के खयाली पुलाव से डूबा छत्तीसगढ़

वित्त मंत्री ने कहा कि, कोई कितना भी बलशाली हो, उसके मुख पर मृग स्वयं नहीं आ जाता। उसे अगर हिरण का शिकार करना है तो मेहनत करनी पड़ती है। बिना मेहनत के कोई काम पूरा नहीं होता। प्रतिबद्धता, समर्पण के साथ क्रियान्वयन हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पिछली सरकार ने नया छत्तीसगढ़ का ख्याली पुलाव परोसा और नतीजा बोरबो छत्तीसगढ़ रहा।

दिल्ली यूथ हास्टल में अब दो सौ बच्चे रह पाएंगे

अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए देश की राजधानी दिल्ली के द्वारिका में यूथ हॉस्टल पिछली सरकार द्वारा बनाया गया था। अब तक 65 बच्चों को सरकार की ओर से छात्रवृत्ति देकर तैयारी कराई जाती रही है।

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Online Registration through https://joinindiancoastguard.cdac.in is available from 13 Feb 24 (1100 HRS) TO 27 Feb 24 (1730 HRS)

Note: 1. For detailed advertisement and procedure to fill online application please visit https://joinindiancoastguard.cdac.in
2. Please read the instructions given in the website carefully before submitting your online application form. This is an indicative Advertisement only.

Disclaimer. Information published in various News Papers is for guidelines only. In case of any ambiguity regarding eligibility criteria, date, time of examination and other procedures, the contents given in the Coast Guard recruitment website https://joinindiancoastguard.cdac.in will be final.

Scan this QR Code to apply Online

CAUTION: SELECTION IN COAST GUARD IS FAIR AND ON MERIT ONLY. CANDIDATE SHOULD NOT FALL PREY TO UNSCRUPULOUS PERSONS POSING AS RECRUITMENT AGENTS. FOR COMPLAINT AGAINST SUCH PERSONS, CANDIDATE MUST APPROACH THE DIRECTORATE OF RECRUITMENT, COAST GUARD HEADQUARTERS, NOIDA ON TELEPHONE: 0120-2201337 AND EMAIL ID: dte-rect@indiancoastguard.nic.in

cbc 10119/13/0007/2324

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

छग के इतिहास में पहली बार पेपरलेस डिजिटल ग्रेट सीजी बजट : नीतू

बेमेतरा/नवप्रदेश। विष्णुदेव सरकार के प्रथम कार्यकाल के प्रथम बजट पर बेमेतरा नगर पालिका की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार 1 लाख 12 हजार 708 करोड़ क़ा पेपरलेस डिजिटल बजट से सभी वर्गों की आंखों में खुशी के आंसू है।

ग़रीबों के आवास हेतु 8369 करोड़, महिलाओं के लिये स्वसहायता समूह को रोजगार हेतु 561 करोड़, महतारी वंदन हेतु 117 करोड़, विद्यार्थियों के लिये प्रदेश में नालंदा परिसर की तर्ज पर 22 लाईब्रेरी एवं नई शिक्षा नीति लागू करना ये सरकार क़ा ग्रेट सीजी बजट हैं।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी के पेपरलेस बजट में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की नीति व नीयत साफ झलक रही हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास के सिद्धांतों पर चलकर जनता के विकास के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

राज्य सरकार की साजिशन अदूरदर्शी सोच का बजट : रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ सरकार की बजट को और दूरदर्शी सोच वाला बजट प्रदर्शित करते हुए कहा कि इस बजट में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

बजट आय में 22 प्रतिशत वृद्धि तो दिखाया गया है, लेकिन इसके स्रोत कहां से हैं, यह स्पष्ट नहीं है। स्मार्ट सिटी और 5 वर्ष में जीडीपी दुगना करने की बात किसानों का आय दोगुना करने वाले केंद्रीय भाजपा का झूठे अनुसरण का प्रमाण है। महतारी वंदन योजना हेतु 1 वर्ष के लिए 3000 करोड़ रूपये अर्थात ढाई सौ करोड़ रूपए महीना? प्रदेश में एक करोड़ चार लाख महिला मतदाता है। बजट राशि से मात्र 25 लाख महिलाओं को ही 1000 रूपये महीना दिया जा सकेगा, 80 लाख महिलाओं को योजना से बाहर रखना बजट प्रावधान से भी प्रमाणित है।

जनता के आर्थिक मजबूती के निर्माण का बजट : आकाश चोपड़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री आकाश चोपड़ा ने छत्तीसगढ़ के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाला बजट है।

आकाश ने कहा कि केंद्र की मोदी नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से जारी किये गए इस बजट में ना सिर्फ सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, बल्कि आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखने वाले प्रदेश के हर नागरिक के लिए यह बजट सुशासन का बजट है। आकाश ने कहा कि बजट में राजनांदगांव का भी विशेष ध्यान रखते हुए जिले में सायबर सेल थानों की स्थापना व मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर की घोषणा इसका प्रमुख उदाहरण है।

महिला की अधजली लाश की गुत्थी सुलझी, पति ही निकला हत्यारा

पारिवारिक विवाद-चरित्र शंका बना हत्या का मुख्य कारण

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी प्रभारी कंडरका को 18 जनवरी को सूचना प्राप्त हुईं थी कि ग्राम नेवनारा के पास उरला - कंडरका - बेरला मुख्य मार्ग के समीप अज्ञात महिला का शव जली हुई स्थिति में मिला हैं, मौके पर पहुचने के बाद चौकी प्रभारी कंडरका द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला घटना स्थल पर पहुचे और तत्काल डॉग स्कॉड, सीन आफ क्राईम यूनिट व सायबर सेल की टीम को मौके पर बुलाया गया, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी बेरला विवके पाटले, थाना प्रभारी कोतवाली अजय सिन्हा, निरीक्षक भावना खंडारे, सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी चंदनू योगेश अग्रवाल, चैकी प्रभारी कंडरका कंवल सिंह नेताम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रकरण के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

घटना स्थल के प्रारंभिक अवलोकन पर पाया गया कि जला हुआ शव किसी महिला का है और यह प्रतीत हो रहा था कि घटना कारित करने वाले आरोपी द्वारा मृतिका की पहचान छुपाने के आशय से हत्या कर शव को जला दिया है, मौके पर प्रारंभिक मर्ग पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका के शव के दाहिने हाथ में एक चांदी की अंगुठी मिली जिसममें ह्य लिखा हुआ था, दोनो पैर में मोजा पहनी हुई थी, शव के समीप गोल्डन पॉलिस वाली बाजारू बाली तथा एक लाल रंग के फ्रेम वाला चश्मा प्राप्त हुआ जिसके ग्लास का पावर 7.5 था। मर्ग पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव को परीक्षण हेतु मेकाहारा रायपुर भेजा गया, डांक्टर द्वारा शव के शव परीक्षण उपरांत मृतिका की मृत्यु हत्या करने से होना लेख किये तब शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर चैकी कण्डरका थाना बेरला में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024 धारा 302,201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। मृतिका की पहचान एक चुनौती एवं पहचान हेतु किया गया प्रयास विवेचना के दौरान प्रारंभिक रूप से पुलिस टीम के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती मृतिका की पहंचान प्रतिस्थापित करना था, इसके लिये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के निर्देशानुसार 4 पृथक-पृथक टीम गठित कर घटना स्थल से बरामद पहंचान योग्य वस्तुओं का समावेश करते हुये पाम्पलेट तैयार कर जिला बेमेतरा, जिला दुर्ग जिला रायपुर जिला बलौदाबाजार क्षेत्र के थानों में सम्पर्क कर आम जनता को पाम्पलेट दिखाकर, चौक-चैराहो व महत्वपूर्ण स्थानों तथा कंडरका, उरला, सिलतरा, टाटीबंध क्षेत्र के सभी फैक्ट्रियों में अधिकाधिक संख्या में पाम्पलेट चस्पा किया गया।

स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा : संभागायुक्त राठौर

एसपी और एसडीएम का सम्मान कर दी गई विदाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) व अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी साजा विश्वास राव मस्के का गरमायी समारोह में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वही नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू का स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता स्थानांतरण होकर पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) सीईओ ज़िला पंचायत राजनादगाँव हुआ है। श्री मस्के डिप्टी कलेक्टर जशपुर पदस्थ किया गया है। सभी का गुरुवार को सर्किट हाउस प्रांगण में गरमायी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

विदाई समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको वहां की जनता से सहयोग मिलता है। एसपी श्रीमती भावना गुप्ता ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई। आयुक्त श्री राठौर ने कहा की यहाँ एसडीएम तौर पर पदस्थ सुश्री सुरुचि सिंह ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान अच्छा काम किया, इसलिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की आगे भी वे नई जिम्मेदारी का सफलता के साथ निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना और नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री साहू से उनका पुराना परिचय भी रहा है। समय पर जिलों में एक साथ काम किए हैं। एक साथ कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा। श्रीमती गुप्ता के कार्यकाल में अपराधों पर लगाम लगी। उन्होंने अपराधों को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण करने का सार्थक प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन की टीम ने जिलें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यहाँ अभी ज्यादा दिन नहीं हुए किंतु जितने दिन हुए उसमें जिले में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का अच्छा तालमेल रहा। कोई भी कार्य करने के लिए टीम भावना बेहद जरूरी हैं और यह भावना हाल ही में मुख्यमंत्री के जूनी सरोवर मेला प्रवास के दौरान देखने को मिली। उन्होंने सुश्री सुरुचि सिंह और श्री मस्के के कार्यों की तारीफ की और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामना दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र शास्त्री ने भी पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता के कार्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा उन्होंने और श्रीमती गुप्ता ने बेमेतरा में एक ही तारीख एक जून 2023 को पदभार ग्रहण किया। कम समय में उन्होंने अच्छे काम की बदौलत यहाँ की जनता का दिल और विश्वास जीता।

कोर्ट के आदेश पर हटाये गए हाउसिंग बोर्ड कार्यपालन अभियंता, जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

एंटी करप्शन मामले में चंद्रशेखर बेलचंदन की बढ़ती मुश्किलें, मामला पंजीबद्ध, जांच जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हाउसिंग बोर्ड में वर्ष 2014 में तत्कालीन प्रशासकीय अधिकारी को अपना प्रभाव दिखाकर और शतरंज का मोहरा बनाकर बेलचंदन हाउसिंग बोर्ड में अपनी जबरिया पोस्टिंग कराने में कामयाब रहे। संभाग राजनांदगांव में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ रहे चंद्रशेखर बेलचंदन अपनी विवादित छवि के चलते बदनाम रहे। कार्यालय में अशोभनीय आचरण करने एवम अधीनस्थ कर्मचारियों को जातिगत अपमानित एवं प्रताड़ित किये जाने से त्रस्त मंडल के कर्मचारियों द्वारा बेलचंदन की शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से भी कई बार की गई थी। मंडल के द्वारा सभी शिकायतों की जांच कराकर बेलचंदन को कई बार दंडित भी किया गया। वर्तमान में भी बेलचंदन पर दो विभागीय जांच संस्थित की गई है, जिसमे यात्रा अग्रिम रुपये 59,229 का बिना अनुमति आहरण तथा फर्जी

मेडिकल बिल लगाकर राशि आहरण की जांच की जा रही है।

दो बार हो चुके हैं निलंबित

मंडल में प्रतियुक्ति पर कार्यरत रहे चंद्रशेखर बेलचंदन की हाउसिंग बोर्ड में पदस्थापना के दौरान बिना सक्षम अनुमति के यात्रा अग्रिम राशि के आहरण की वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में तथा चुनाव में घोर लापरवाही करने के कारण दो बार निलंबित हो चुके है।

मूलतः भारतीय सेना के बॉर्डर रोड डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के अधिकारी बेलचंदन के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में भी आय से अधिक संपत्ति का मामला पंजीबद्ध है, जिसकी जांच की जा रही है।

घनश्याम विश्वकर्मा का कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। । राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा ने कांग्रेस की स्थाई सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर और कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से क्षुब्ध होकर ही घनश्याम विश्वकर्मा नें यह फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि, घनश्याम विश्वकर्मा श्री विश्वकर्मा राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद पर रहकर कांग्रेस संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। जिसके चलते ही भाजपा संगठन उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है। घनश्याम विश्वकर्मा एक सक्रिय और कर्मठ युवा नेता हैं।

'विकसित छग के संकल्प को पूरा करने वाला बजट : प्रतिक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने बजट में सभी वर्ग एवं प्रदेश के विकास हेतु प्रस्तुत बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकासशील छत्तीसगढ़ से विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें सेवा, सुधार, सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य भाजपा सरकार ने तय किया है। इस सर्वसमावेशी बजट में भाजपा सरकार ने 10 प्रमुख स्तंभ निर्धारित किये हैं जो गरीब, युवा,

अन्नदाता और नारी (ज्ञान) की समृद्धि के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ का बजट पेश करते हुए वर्ष 2030 तक 10 लाख करोड़ के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूंजीगत निवेश में पर्याप्त वृद्धि करने पर जोर दिया है, जो विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि बजट प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना के लिए 3716 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

छग सरकार की मोदी की गारंटी वाला बजट

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। जिला भाजपा पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किया साय सरकार का मोदी की गारंटी का पहला बजट है। इस बजट को पेश करने से पहले केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार की विकसित भारत का संकल्प को ध्यान में रखकर सबके हित को शामिल करते हुए बनाया गया है। श्री सोनी ने आगे कहा कि उक्त बजट में गांव गरीब युवा और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। श्री रामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, आवास योजना के

लिए 8369 करोड़ का प्रावधान किया गया हैं। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान, नल-जल योजना के लिए 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान, युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

अस्पताल की स्थिति जानने पहुंचे संभागायुक्त

बेमेतरा /नवप्रदेश। संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने आज सुबह ज़िला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मरीज के लिए पर्ची काउंटर में दी जाने वाली सुविधाएं देखी। ओपीडी का निरीक्षण किया और भर्ती एवं इलाज कराने आए मरीज़ों और उनके परिजनों से बातचीय कर अस्पताल की सुविधा के बारें में पूछा। आयुक्त श्री राठौर ने एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली। उनके साथ कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित अन्य ज़िला अधिकारी साथ थे। उन्होंने अस्पताल पर्ची काउंटर व पूछताछ केंद्र में आये मरीज़ और उनके साथ आये परिजनों से अस्पताल में प्रदाय स्वास्थ्य

सुविधाओं की जानकारी ली, ओपीडी कक्ष में उपस्थित सभी ड्यूटीरत डॉक्टर से चर्चा की गई एवं उपचार के लिए आए हुए मरीजों से भी अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में अस्पताल के स्टाफ़ और मरीज़ों के परिजनों के नाश्ता व भोजन आदि के लिये केंटिंन खोलने पर बल दिया। इसके साथ ही परिसर में छायादार व औषधि पौधे लगाने कहा।

दो दशक की सबसे लंबी छलांग : प्रखर श्रीवास्तव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को दो दशक की सबसे लंबी छलांग करार दिया है। उन्होंने कहा कि-मोदी की गारंटी के तहत की गई घोषणाओं को प्राथमिकता देते हुए इस बजट में सरकार ने अधिकतर वायदों को पूरा किया है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर और सायबर थाना की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। युवाओं को प्रोत्साहित करने और

उन्हें नए अवसर देने के लिए भी बजट में बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रखर ने कहा कि बजट का आकार 22 प्रतिशत बढ़ा है। अमृतकाल ऱ छत्तीसगढ़ विजन/2047 को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने विकासशील प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दीर्घकालिक योजना को सामने रखा है। 2028 तक जीएसडीपी को दोगुना करने में युवाओं की हिस्सेदारी तय करने छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना की नींव रखी गई है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और नवाचार के लिए मदद मिलेगी। छग युवा प्रोत्साहन योजना के तहत कला, साहित्य, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं को प्रोत्साहित किए जाने का फैसला भी सराहनीय है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 को 2181 अभ्यर्थी होंगे शामिल

गरियाबंद/ फरवरी को जिले के 5 केन्द्रों में 2181 बेमेतरा - छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन रविवार 11 फरवरी 2024 को किया जायेगा, उक्त संबंध में आज कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट के दृष्टि सभाकक्ष में अधिकारीयों की बैठक ली। परीक्षा सबेरे 10 बजे से 12 बजे तक प्रारंभिक सामान्य ज्ञान परीक्षा एवं अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक (एप्टीट्यूड टेस्ट) कौशल परीक्षा आयोजित किया जायेगा। जिला बेमेतरा अंतर्गत उक्त परीक्षा में कुल 2181 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम स्कूल बेमेतरा, कुल 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा पिंकी मनहर को सम्पूर्ण परीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं एवं पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा दिनांक को परीक्षा सामग्री पहुंचाने एवं केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों के लिए आवश्यकता अनुसार उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारीयों क़ो सख्त निर्देश दिए की परीक्षा में पारदर्शिता होनी चाहिए किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

भाजपा सरकार का पहला बजट निराशाजनक - चोवा साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव देव सरकार और उनके वित्तीय मंत्री द्वारा जो बजट पेश किया गया है, वह सिर्फ आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक ख्याली पुलाव पकाने जैसा बजट है। उन्होने कहा कि बजट पूरी तरह निराशाजनक है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पर्याप्त राशि नहीं है, रोजगार की बात नहीं की गई है, मोदी की गारंटी को पूरा कराने का कोई विजन बजट में नहीं दिखाई दे रहा है।

बेहद ही निराशाजनक बजट : तुकाराम चंद्रवंशी

यह बजट बेहद ही निराशाजनक है कवर्धा की झोली में कुछ नही आया। एक तरफ भाजपा सरकार जहां प्रत्येक विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभ देने का वादा था मगर 3000 करोड़ बजट नाम मात्र का ही है ऐसे में यह बजट समझ से परे है। यह सरकार छत्तीसगढ़ की महतारियों को ठगने का काम किया है। शिक्षा बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने नेल्सन मंडेला के वक्तव्य का जिक्र करते हुए अपना भाषण दिया था मगर शिक्षा में केवल 15 प्रतिशत की बढोत्तरी करना भाजपा सरकार की कुंठित मानसिकता के परिचायक है। कृषि के क्षेत्र में नया कुछ भी नही केवल नामकरण योजना है।

सरकार की पहली बजट से कर्मचारी निराश : शिवेंद्र

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के लिए इक्कीस हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है, जिसका हम स्वागत करते है, किंतु कर्मचारियों के लिए 4 प्रतिशत डी ए की घोषणा नही होने से कर्मचारियों को निराशा हुई है केंद्र द्वारा 46 प्रतिशत डीए दिया जा रहा है जबकि राज्य सरकार द्वारा 42 प्रतिशत डीए ही दिया जा रहा है। कर्मचारियों को बजट में 4 प्रतिशत डीए मिलने की आस थी।

छत्तीसगढ़ को संवारने वाला बजट : डॉ. विरेन्द्र

कवर्धा/ नवप्रदेश। फोटो- 41 विरेन्द्र साहू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने अमृतकाल की नीव का बजट में प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, राजस्व, वनांचल सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए बजट में सौगाते दी। इसके साथ ही बजट के प्रस्तुत होते ही आम से खास तक लोगो की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। किसी ने इस बजट को उम्मीदो की आस अभी जिंदा है कहा तो किसी ने एक सिरे से नकार दिया है। तो वही कोई इस बजट को लेकर सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सौगात दिए जाने की बात कह रहे हे। बजट को लेकर हमने हर वर्गो से चर्चा किया इस दौरान उनकी जो प्रतिक्रिया सामने आई वह कुछ इस प्रकार से है।

प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को अपना पहला बजट छत्तीसगढ़ के विधानसभा पटल पर रखा है, यह बजट छत्तीसगढ़ राज्य छत्तीसगढ़ के निवासियों के विकास का बजट है, जो बीते पांच वर्षो से प्रदेश के विकास कार्यो को न सिर्फ गति देगा बल्कि प्रदेशवासियों की उम्मीदों को भी पूरा करेगा। उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र साहू

ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहीं। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शानदार बजट प्रस्तुत किया है।

हर वर्ग को खुश करने वाला है राज्य सरकार का बजट : साहू

बजट हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। जिले के लिए बेहद खास रहा है। जिस तरह से बहु प्रतीक्षित मांग कवर्धा कटघोरा डोंगरगढ़ रेल लाइन के लिए कवर्धा वासियों के द्वारा मांग किया जा रहा था। रेल लाइन विस्तार के लिए सांसद संतोष पांडे द्वारा भी कई बार रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात किया गया जिस पर ध्यान देते हुए इस बार प्रदेश की सरकार ने रेल लाइन विस्तार के लिए 300 करोड रुपए की राशि बजट पर प्रस्तुत किया है।

कई किसानों के धान नहीं बिक पाए, अब चुकाने की चिंता

गरियाबंद/नवप्रदेश। झिरिपानी निष्टीगुड़ा समिति के 28 गांव के अलावा डोहल, झराबहाल, धुगियामुड़ा, मूड़ागांव, मूंगझर, सोनामुन्दी, केंदुपाटी और टेमरा के 1818 किसान एक दाना धान नहीं बेच पाए हैं. इन पर इसी खरीफ सीजन का जिला सहकारी बैंक में 9.95 करोड़ का ऋण बकाया है. बैंक के नियम के मुताबिक 15 मार्च तक लोन को चुकाना होता है. ऐसा नहीं किया तो 16 मार्च से लोन की राशि पर ब्याज दंड यानी 12 प्रतिशत ब्याज लगना शुरू हो जाएगा. अक्टूबर महीने में बैंक ने समिति के माध्यम से नोटिस जारी किया था. नोटिस मिलते ही कर्जदार किसानो की नींद उड़ी हुई है. किसान लगातार सीएम के समक्ष ज्ञापन सौंपने के साथ ही सड़क में रैली निकालकर अपनी मांगों को अवगत करा रहे हैं. प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन के हर उस दफ्तर में दस्तक दे रहे हैं. जंहा से उन्हें उम्मीद है. आज भी किसान नेता जय कृष्ण नागेश, असलम मेमन, जदु राम,

जगमोहन के नेतृत्व में लगभग 50 कृषक का प्रतिनिधि मंडल, कृषि, तहसील और एसडीएम के समक्ष जाकर अपनी मांगों पर हुई कार्रवाई के बारे में पूछते नजर आए. कृषक नीलांबर मरकाम, श्याम सुंदर, शशीधर, शोभाराम ने बताया कि 26 गांव के कृषक एक भी दाना धान नहीं बेच पाए हैं. कर्ज भी पटाने लायक नहीं हैं. फसल क्षतिपूर्ति राशि और बीमा योजना का लाभ 1 मार्च तक नहीं मिला तो उनकी स्थिति अगले सीजन किसानी करने लायक नहीं रहेगी. बैंक में डिफॉल्टर होते ही उन्हें अगले सीजन का ऋण नहीं मिलेगा. पहले से काफी कर्ज है, साहुकारी कर्ज भी बढ़ जाएगा. किसानों ने कहा कि मार्च तक उनकी मांगे नहीं पूरी हुई तो आमरण अनशन करने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं रह गया है. सत्ता बदलते ही कर्ज माफी की आस खत्म हो गई. क्षतिपूर्ति की मामूली रकम से किसानों की भरपाई संभव नहीं है. ऐसे में अब फसल बीमा योजना पर अन्नदाताओं की निगाहें टिकी हुई हैं. अब तक नुकसान की रिपोर्ट प्रशासन ने जो बनाई है, उस अनुपात में बीमा का क्लेम मिलता है तो किसानों की भरपाई कुछ हद तक हो सकेगी. जानकारी के मुताबिक निजी बीमा कंपनी अनुबंध के आधार पर लोन की राशि का 6 प्रतिशत यानी ढाई करोड़ से ज्यादा देवभोग तहसील से लेगी. योजना के तहत कृषक अंशदान के रूप में बीमा प्रीमियम का 2 प्रतिशत यानी की 88 लाख का भुगतान कृषकों को दी गई ऋण राशि में हो चुकी है. शेष राशि तय अनुपात में कंपनी राज्य और केंद्र सरकार से लेगी।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन वैन के माध्यम से दी जाएगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरुवार 8 फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी स्क्रीन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन जिले के सभी ब्लाकों एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ऑडियो - वीडियो एवं लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देगी। एलईडी वैन को जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए रवाना किया गया। शासन की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले। साथ ही अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ भी उठा सकें। वैन में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। एलईडी वैन एक माह तक तय रूट चार्ट अनुसार गरियाबंद ज़िले के सभी ब्लॉकों के ग्राम पंचायतों एवं हॉट बाज़ार में जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करेगी। वैन हर दिन 4 ग्राम पंचायतों में जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जनसम्पर्क विभाग के सहायक संचालक हेमनाथ सिदार सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

गौवंश को कत्लखाना ले जाते 2 गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगांव क्षेत्र से 7 फरवरी को गौ वंश की तस्करी कर कत्ल खाने ले जाते एक पिकअप वाहन कमाक ह्ष्ठ -10- ॥-2708 में गौ वंश (पडवा) को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा। उन्होंने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। इसकी पुलिस में रिपोर्ट बजरंग दल के कार्यकर्ता रजनीकांत देवांगन पिता राम कुमार देवांगन (29) साकिन बेलरगाँव ने दर्ज कराई। पुलिस ने पिकअप में सवार दोनों आरोपी सिद्धार्थ जोगी पिता शंकर लाल जोगी (28) साकिन पाईकभाठा थाना सिहावा, समाकांत चतुर्वेदी पिता विजय कुमार (27) साकिन कैटतराई थाना सिहावा जिला धमतरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 21/24 धारा 4, 6, 10, 11 छग0 कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर मामले में त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी मंयक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिहावा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरो्पियों और वाहन को मौके पर जप्त किया।

कलेक्टर ने आपदाग्रस्त परिवार को दी राशि

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजन को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम केंवटीझर निवासी 58 वर्षीय गंगाराम की 21 जनवरी 2023 को कुंआ में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी लक्षन्तिनबाई को 4 लाख रूपये एवं ग्राम लोहझर निवासी 75 वर्षीय मंगलूराम की 15 अक्टूबर 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नी सुखबाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

मारवाड़ी महिला मंडल ने आईजी संजीव शुक्ला का किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है ऐसे मे बिलासपुर नए आई संजीव शुक्ला की जोइनिंग हुई है। संस्था की अध्यक्षा पिंकी मनीष अग्रवाल एवं पूरी कार्यकारिणी उनसे मिलकर एक छोटे से राम दरबार देकर शहर मे उनका स्वागत किया और उनको शुभकामनायें दी। सर ने भी शाखा को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाये दी .साथ ही आगे चलकर समाज सेवा के क्षेत्र मे अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया!

स्वसहायता समूहों को बैंक लिंकेज में गरियाबंद प्रदेश में पहले स्थान पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन एवं पूरे एनआरएलएम टीम के लगातार प्रयास से गरियाबंद जिले को समूहों के बैंक लिंकेज प्रदान करने, प्रकरणों के प्रेषण एवं वितरण में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ अंतर्गत गांव की गरीब महिलाओं एवं उनके स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच बनाने एवं आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय समावेशन के तहत सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें 6 माह पुराने एवं पंच-सूत्र का पालन कर रहे स्व-सहायता समूहों को उनकी आजीविका गतिविधयों हेतु बैंक के माध्यम से 01 लाख से 06 लाख तक बैंक ऋण प्रदाय किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले को कुल प्रदाय भौतिक लक्ष्य 4353 के विरूद्ध कुल उपलब्धि 5844 प्राप्त किये है, जो कि कुल उपलब्धि 134 प्रतिशत है। जिसमें कुल वित्तीय लक्षित राशि 8038 लाख रूपये के विरुद्ध कुल राशि वितरण 11912 लाख रूपये किया जा चुका है, जो कि कुल उपलब्धि 148 प्रतिशत है। इस कार्य में स्व-सहायता समूहों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए समूह की सक्रिय महिलाओं में से बैंक मित्र, बीमा मित्र, वित्तीय साक्षरता-सीआरपी, बैंक सखी आदि सामुदायिक संवर्ग तैयार कर इनकी सेवाएं ली जाती है।

जैविक कीट नियंत्रण के लिए कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र में गत दिवस आदिवासी उपयोजना अन्तर्गत जैविक कीट नियंत्रण परियोजना के तहत् एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से आये कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वाई. के यदु ने जैविक कीट नियंत्रण के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने द्वारा जैविक नियंत्रण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी एवं डॉ. वाई के. मेश्राम (सहायक प्राध्यापक) एवं डॉ. रश्मि गौराहा (कार्यक्रम सहायक) ने ट्राईकोकार्ड एवं ब्रैकोकार्ड को खेत में लगाने की विधि तथा जैविक कीट नियंत्रण के विषय में जानकारी देते हुए, ट्राईकोग्रामा अंडा परजीवी का धान के तना छेदक में नियंत्रण ब्रकौन का विभिन्न इल्लीयों के नियंत्रण और फेरोमोन ट्रैप का उपयोग करने के लिए किसानों को जागरूक किया। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय द्वारा जिले के कृषकों को शासन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी एवं जैविक कीट नियंत्रण प्रणाली से अधिक से अधिक कृषि करने के लिए प्रेरित किया।

जिला स्तरीय खेलकूद में दिव्यांग बच्चों ने दिखाए अपने जौहर

■ **दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं, हर मुकाम कर सकते हैं हासिल : मेमन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार 8 फरवरी को हाई स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में जिले के पांच ब्लॉक के 58 दिव्यांग बच्चों ने अपने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन थे। उन्होंने 24 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वहीं शेष 34 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया।

नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं, हर मुकाम हासिल कर सकते हैं। इनमें भी प्रतिभा होती है। आज जिला स्तरीय खेलकूद के माध्यम से इन बच्चों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि इनकी शिक्षा एवं प्रतिभा के लिए वे हर प्रयास करेंगे जो वह कर सकते हैं।

कार्यक्रम को डीएमसी खेल सिंह नायक ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद में 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, गोला फेंक समेत 12 प्रकार के खेल शामिल किया गया था। रंगोली, चित्रकला, सामूहिक नृत्य, एकल और युगल नृत्य का आयोजन भी किया गया। इस अवसर विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा, के एस नागे, टिकेंद्र यदु, संजीव साहू, गिरीश शर्मा, सूरज महाडिक, नितिन बखारिया, छगन पचभिये, देवेंद्र पांडेय, लोकेश ध्रुव, दानवीर साहू, नीलेश बंजारी, नन्द रात्रे, महेंद्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, पारस ठाकुर, बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा एवं मनोज वर्मा आदि उपस्थित थे।

लोक अदालत में रखे जाएं वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरण- जस्टिज भादुड़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व जस्टिस गौतम भादुड़ी ने कहा कि पांच वर्ष से अधिक अवधि के ऐसे मामले जो अदालतों में लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर नेशनल लोक अदालत के खंडपीठों के सामने सुनवाई के लिए रखा जाए।इसमें वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मामलों का विशेष ध्यान रखा जाए। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि ऐसे प्रकरणों में दोनों पक्षों से गंभीरता के साथ बात करें और आपसी समझौता तक पहुंचे।

नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का गठन किया जाना है। इसके पहले खंडपीठों के सामने सुनवाई के लिए रखे जाने वाले मामलों व तैयारी को लेकर कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस भादुड़ी हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति व जिला विधिक सेवा समिति के पदाधिकारियों,जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, सचिव, परिवार न्यायालय जज, चेयरमैन स्थायी लोक अदालत, सीजेएम के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भू-अधिग्रहण, चेक अनादरण, वरिष्ठ नागरिकों के मामलों को राजीनामा आधार पर निराकृत करने की हमारी कोशिश होनी चाहिए। इस तरह के मामले हमारी प्राथमिकता में भी होनी चाहिए। नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु रखे गये प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में पूर्व से लंबित प्रकरणों के पक्षकारों को समय से पहले नोटिस की तामिली कराने व पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में कार्उसिलिंग की कार्रवाई तय समय में पूरा करने की बात कही। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक व छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रदेश के समस्त जिलों में नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार प्रसार की तैयारी की जा रही है।

नेशनल लोक अदालत से पहले पांच विभाग के अफसर तलब

बिलासपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर नौ मार्च को देशभर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसके पहले हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति व जिला विधिक सेवा समिति ने अपना कामकाज प्रारंभ कर दिया है। हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति ने बैंक व बीमा कंपनियों के अलावा राज्य शासन के प्रमुख पांच विभाग के अफसरों को लंबित प्रकरणों की फाइल के साथ तलब किया है। इसके लिए समिति ने बैठकों की तिथि भी तय कर दी है। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा से संबंधित प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा जाता है और दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर खंडपीठ के समक्ष रखा जाता है और राजीनामा के बाद प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

न्यायालयों में लंबित 81 हजार प्रकरणों की होगी सुनवाई

अब तक प्री-लिटिगेशन के लगभग 36,500 एवं न्यायालयों में लंबित लगभग 81 हजार प्रकरणों को चिन्हांकित किया जा चुका है। जिनमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। उन्होनें बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2024 में देश में नौ मार्च 2024, 11 मई-2024, 14-सितंबर 2024 एवं 14-दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत की तिथि निर्धारित करते हुए सभी सिविल एवं राजस्व न्यायलयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन कर अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया है। नेशनल लोक अदालत उच्च न्यायालय से लेकर तहसील न्यायालय तक सभी स्तरों पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सिविल एवं राजस्व न्यायालय शामिल हैं।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन अब कल तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी गयी है। जिले के पात्रता रखने वाले इच्छुक आवेदक भारतीय वायुसेना की व ेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in में आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा पात्रता रखने वाले इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन पंजीयन के लिए चयनित स्थानों पर आनलाईन पंजीयन की सुविधा दी गयी है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में संजय साहू, दूरभाष नम्बर 97702-99319, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में वीरेन्द्र साहू, मोबाईल नम्बर 93298-44135 एवं शासकीय डी.पी. विप्र महाविद्यालय, सूरज शर्मा मोबाईल नम्बर 89629-89216 से इन केन्द्रों में आनलाईन पंजीयन के लिए संपर्क किया जा सकता है। इन केन्द्रों में ऑनलाईन पंजीयन हेतु आवेदकों से परीक्षा शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑनलाईन पंजीयन हेतु 649 रूपए परीक्षा शुल्क आवेदक द्वारा देय होगा।

धान बेचने के बाद बैंक से पैसा नहीं मिलने पर किसानों ने किया चक्काजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी बैंक कोटा में पैसे नही मिलनें से नराज है किसान वहीं बैंक मैनेजर भी है नदारद पिछले हफ्ते एक किसान की मौत भी हो गई थी इसी बैंक मैं पैसे लेने आया था । किसानों के बैठने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है इस बैंक में एवं पानी पीने के लिए भी किसान तरसते हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक करगीरोड कोटा में पिछले कई दिनों से बैंक से पैसे नही मिलनें की वजह से किसान परेशान है.रोज रोज के चक्कर काटकर आज त्रस्त हो गये है जिसको लेकर किसानों ने विरोध पर्दशन करते हुए बैंक के सामने ही धरना देते हुए चक्काजाम कर दिया है। किसान अपना धान को मंडी में बेचकर रुपए लेने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोटा में जा रहे हैं. लेकिन बैंक में रुपए नहीं मिलनें से किसान बैरंग वापस लौट रहे हैं. जिससे परेशान किसानों ने विरोध दर्शाते हुए प्रबंधन पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। धान किसान का पैसा किसान का और कमीशन मांगते है कर्मचारी ङ्क वहीं किसानों नें आरोप लगाते हुए कहा है कि रसूखदार और धान समिति के प्रबंधक यहां असानी से अपना काम कर के चले जाते है और गरीब किसान परेशान होते रहता है और नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि पांच सौ से हजार रूपये कमीशन देने वालों को तुरंत और जितना पैसा चाहिए मिल जाता है। किसानों को किसी भी प्रकार से असुविधा ना हो इसके लिए सरकार तत्पर है लेकिन यहां तो उलटा है किसान परेशान है बहरहाल देखना होगा कि बैंक के मैनेजर किस हद तक किसानों की समस्या दूर करने का प्रयास करते है। जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक करगीरोड कोटा के प्रभारी मैनेजर आर एस चौहान का कहना था कि मै बिलासपुर पैसे के लिए हेड आफिस आया हू जल्द ही किसानों की समस्या दूर की जाएगी।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत दोंदेखुर्द में स्थित दुकान क्रमांक-02 श्री अशोक कुमार तिवारी पिता स्व. श्री रामदेव तिवारी को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 2112 दिनांक 04.02.2011 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 07.08.2023 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। तदउपरांत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1101 दिनांक 27.01.2016 द्वारा विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त दुकान को आबंटी श्री अशोक कुमार तिवारी पिता स्व. श्री रामदेव तिवारी निवासी जुनियर एम.आई.जी.-172 सेक्टर 02 दीनदयाल उपाध्याय नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रेता श्री अश्वनी कुमार रात्रे पिता स्व. श्री फगूलाल रात्रे निवासी फ्लैट नं. 503 ब्लाक 26, अटल नगर, सेक्टर-27 नया रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को दिनांक 21.03.2016 को विक्रय किया गया है। क्रेता श्री अश्वनी कुमार रात्रे पिता स्व. श्री फगूलाल रात्रे द्वारा विक्रय विलेख पंजीकृत कराने उपरांत इस कार्यालय में उक्त दुकान को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त दुकान के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02 रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402112800001/116
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी-राजस्व
सन-2023-2024
रायपुर प.ह.न. 00062 [(0)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार -मोहम्मद असगर पिता श्री मोहम्मद राशिद,
अनावेदक पक्षकार -मेसर्स फरिश्ता इंटर प्राईजेस,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा लकडगंज रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद असगर पिता श्री मोहम्मद राशिद, निवासी-के.के. रोड रायपुर छ.ग. की ओर से अधिवक्ता श्री एस. सी. खाखरिया द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश है कि मौजा लकडगंज स्थित ब्लॉक नंबर-98, प्लॉट नंबर-1/2, रकबा 8925 वर्गफुट भूमि अनावेदक संस्था मेसर्स फरिश्ता इंटर प्राईजेस, पता ई ए सी कॉलोनी रायपुर के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भागीदार में प्रबंधक अर्थात् मैनेजिंग भागीदार हैं। भागीदारी विलेख के अनुसार आवेदक का बतौर भागीदार उक्त संस्था में 60 प्रतिशत अंश है। राजस्व अभिलेख में केवल अनावेदक फर्म का नाम दर्ज है, भागीदार का नाम उसमें उल्लेखित नहीं है। अतएव आवेदक द्वारा मैनेजिंग भागीदार का नाम दर्ज के साथ दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ पट्टा, फर्म की रजिस्ट्री की अभिस्वीकृति, डीड ऑफ पार्टनशीप की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 26/02/2024 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नजूल अधिकारी रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/06 वर्ष 2023-24
पक्षकार दिनेश कुमार पिता हिंसते जाति ब्राम्हण
निवासी ग्राम रेगाडीह प.ह.नं. 06
रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक दिनेश कुमार पिता हिंसते जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम रेगाडीह प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम रेगाडीह प.ह.नं. 06 स्थित भूमि ख.नं. 256 का रकबा 1.680 हे. ख.नं. 311 का रकबा 9.174 हे. का कुल ख.नं. 02 का कुल रकबा 10.850 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि को आवेदक को अपने पिता हिंसत लाल पिता रघुनंदन लाल जाति ब्राम्हण के मृत्यु उपरांत प्राप्त हुआ है। उक्त वादभूमि को आवेदक के पिता हिंसते लाल पिता रघुनंदन लाल जाति ब्राम्हण के द्वारा विक्रेता ठाकुर रामचन्द्र जी स्वामी जैतुसाव मठ पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा महंत लक्ष्मीनारायण दास से पंजीकृत विक्रय बैनामा 5000/- रुपए में दिनांक 06.04.1972 को क्रय किया गया। अतः उक्त वादभूमि के पंजीकृत बैनामा के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज किया जाने हेतु आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज किया जाने हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा, पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 29/02/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार पलारी

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 2040111560007 4
विषय : अ-6 मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2023-24
फाफाडीह प.ह.नं. 00048 (हे.)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- श्रीमती मंजू साहू पति श्री गोकरण साहू निवासी प्रायमरी स्कूल के पास चुनाभट्ठी तहसील व जिला रायपुर
अनावेदक पक्षकार- (1) श्रीमती दीपा बाई पिता श्री गोविंद राम पति श्री प्रकाश लालवानी (2) कंचन लालवानी पिता श्री गोविंद राम पति श्री संतोष लालवानी दोनों निवासी कुम्हारपारा रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह तहसील व जिला रायपुर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मंजू साहू पति श्री गोकरण साहू निवासी प्रायमरी स्कूल के पास चुनाभट्ठी तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कियाहै कि उनके द्वारा ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि जिसका शीट नंबर 12 भूखंड क्रमांक 11 रकबा 725 वर्गफुट भूमि को विक्रेतागण (1) श्रीमती दीपा बाई पिता श्री गोविंद राम पति श्री प्रकाश लालवानी (2) श्रीमती कंचन लालवानी पिता श्री गोविंदराम पति श्री संतोष लालवानी दोनों निवासी कुम्हारपारा रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.04.2023 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किए जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 16.02.2024 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किए जाने से जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.02.2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00064 तेलीबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324440725100076

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00064 के अंतर्गत ग्राम तेलीबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी में. ए. ढेबर बिल्डकान द्वारा भागीदार अनवर ढेबर पिता/पति हाजी जिकर ढेबर पता बैजनाथपारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 360/2(0.0195) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रीति लता त्रिपाठी पिता/पति श्री सुधेश्वर प्रसाद त्रिपाठी पता-निवासी विवेकानंद नगर ,पेंशन बाड़ा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/02/2024 को सुबह सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार तहसील रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 AA
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ :-जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00036 सोनडोंगरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324440722800029

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00036 के अंतर्गत ग्राम सोनडोंगरी के वर्तमान भूमिस्वामी विकास पिता/पति लूनकरण पारख पता-सिविल लाईन रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 587/3(0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री विपिन कुमार दुबे पिता/पति श्री रामधनी दुबे पता एम.आई.जी. 2 मकान नं. 102 कबीर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 02AA पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार तहसील रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कालोनी दोंदखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक 05 श्री टी.आर. साहू पिता श्री मौजी राम साहू को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 8074 दिनांक 02.12.2009 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 22.05.2008 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में श्री टी.आर. साहू पिता श्री मौजी राम साहू निवासी भवन क्रमांक 460 जे-14 के सामने, सेक्टर 02 अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अनय दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता श्री फुलसिंह राजपूत पिता श्री आशाराम राजपूत निवासी मकान नंबर 08, सड़क नंबर 06 वी.वी. विहार मोवा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02 रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भः- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00083 कान्दुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324440726900029

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00083 के अंतर्गत ग्राम कान्दुल के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती संयोगिता देवी चौहान पिता/पति श्री प्रमोद सिंह चौहान पता-मुबारकपुर खुर्द गाजीपुर खजूर गांव उ.प्र. तेजबहारु चौहान पिता/पति बाललकिसुन चौहान पता-175 सकनिया गाजीपुर उ.प्र. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 122/41 (0.0220) में प्रस्तावित/क्रेता तेजबहादुर चौहान पिता/पति बाललकिसुन चौहान पता- 175 सकनिया गाजीपुर उ.प्र., श्रीमती संयोगिता देवी चौहान पिता/पति श्री प्रमोद सिंह चौहान पता-मुबारकपुर खुर्द गाजीपुर खजूर गांव उ.प्र. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त से संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार तहसील रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

ई.कोर्ट क्र./
ब-121/2024 रायपुर, दिनांक 5.2.2024
ग्राम टेमरी, प.ह.नं. 78
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. तेजसिंह पिता व्ही.आर. मस्के 2. गजेन्द्र सिंह राजपाल पिता स्व. करतार सिंह राजपाल निवासी जी.टी. एक्सोटिका, टी.वी. टावर के सामने शंकर नगर रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 41/1 रकबा 0.059 हे. भूमि वर्तमान अभिलेख में 1. तेज सिंह पिता व्ही.आर. मस्के 2. गजेन्द्र सिंह राजपाल पिता स्व. करतार सिंह राजपाल के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया है। जिससे आवेदकगण को शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अतः आवेदकगण द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20/02/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202402112800008/123
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी-राजस्व
सन-2023-2024
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार -हीना मोटवानी पिता श्री राम मोटवानी,
अनावेदक पक्षकार केवल किशन पिता श्री हरभगवान दास धुप्पड.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा कटोरातालाब रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हीना मोटवानी पिता श्री राम मोटवानी, निवासी-मकान नंबर-सी-330 शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की ओर अधिवक्ता श्री एस.सी. खाखरिया द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब स्थित ब्लॉक/शीट नंबर-जी, प्लॉट नंबर-19, रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदिका ने अनावेदक से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25/07/2023 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 26/02/2024 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नजूल अधिकारी रायपुर

छत्तीसगढ़ के बजट को भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने कहा जुमलेबाजी

सरकार ने रखा श्रमिकों का ख्याल : दया

भिलाई। नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष व नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री दया सिंह ने साय सरकार के बजट का स्वागत किया है। श्री सिंह ने कहा कि यह बजट मोदी सरकार की गारंटी वाला बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला और बड़े-बुजुर्गों व युवाओं के लिए एक से बढ़कर एक प्रावधान है। मोदी सरकार ने वादा किया था कि छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। इसकी शुरुआत हो गई है। आज बजट में बतौर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सरकार के बजट में सभी वर्गों के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा रखी है। बजट में प्रदेश के किसानों, युवाओं, मातृ शक्ति को केंद्रित कर विकास की संभावनाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है।

बजट रामराज की स्थापना वाला : जितेन्द्र

दुर्ग। मुख्यमंत्री साय के निर्देशन में वित्त मंत्री चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट का भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने अभिनंदन कर हर्ष व्यक्त किया। कहा कि ये बजट सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों व क्षेत्रों के विकास को समाहित किया गया है। दुर्ग जिले को करोड़ो रुपयों की सौगात दिया जाना, बजट को जिले के जनता के लिए खास बनाता है। विधानसभा में प्रस्तुत बजट का केंद्र बिंदु है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को केंद्रित करके ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के सशक्तिकरण, उद्योग प्रोत्साहन, अतिरिक्त पूंजी निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान रखा है। बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला रखी जो अगले 5 वर्षों में प्रदेश की जीडीपी को 10 लाख करोड़ तक पहुँचाने का रोड मैप है।

मोदी की गारंटी वाला है बजट : मनीष

भिलाई। भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा पेश किये गये बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट छग की दिशा और दशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी का बजट है और प्रदेश सरकार का विजन डॉक्यूमेंट है। बजट में प्रदेश के किसानों, युवाओं, मातृ शक्ति को केंद्रित कर सभी के विकास की संभावनाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है। छग की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया था, उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास इस सर्वांगीण वर्ग के विकास के बजट में दिखाई देती है। उन्होंने बजट में सरकार द्वारा आईटी हब के लिए प्रावधान किये जाने पर सभी अभिभावकों को बधाई दी, जिनके बच्चे अन्य प्रदेशों में पलायन करते थे।

जुमलेबाजी के सिवा कुछ भी नहीं : वोरा

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने आज विधानसभा में पेश किये गए छत्तीसगढ़ के बजट को हवाहवाई बजट बताया है। बजट में केवल सब्जबाग दिखाए गए हैं। बजट में जितने सुनहरे सपने दिखाए गए हैं, उन सपनों को कैसे पूरा किया जाएगा ? इसका कोई रोड मैप बजट में नहीं है। बजट का आकार बढ़ाने और राजस्व वृद्धि के दावे पूरी तरह खोखले हैं। वोरा ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। भाजपा संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण का मुद्दा उठाती रही है। इस मुद्दे पर भी कोई बात नहीं की गई। बजट में शहरों के विकास के लिए ठोस प्लान नहीं है। यह बजट बेहद निराशाजनक बजट है। इस बजट से छत्तीसगढ़ की जनता के सपने पूरे नहीं होंगे। बजट में केवल जुमलेबाजी की गई है।

न्यूज गैलरी

विद्युत विभाग ने कराया एफआईआर

दुर्ग। क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मरों के तेल की चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। ग्राम समोदा में स्थापित 63 केव्हीए एवं ग्राम अरसनारा में स्थापित 25 केव्हीए ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की सूचना सहायक लाइनमेन द्वारा कनिष्ठ अभियंता को दी गई। निरीक्षण उपरांत ज्ञात हुआ कि उक्त ट्रांसफार्मरों से 254 लीटर तेल की चोरी की गई है जिसका अनुमानित मूल्य 50 हजार है। इस मामले मे ननकट्ठी वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता परमेश्वर वर्मा द्वारा जेवरा चौकी में अज्ञात ट्रांसफार्मर तेल चोर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। भटगांव नदीखार किनारे 100 के.व्ही.ए. एवं 63 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मरों से रुपए 70 हजार के अनुमानित मूल्य के 289 लीटर आयल की चोरी हो गई थी।

पटेल चौक से हटाया कब्जा

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत एसडीएम मुकेश रावटे एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर पटेल चौक से कचहरी चौक एवं तहसील कार्यालय के आस पास सडक़ क्षेत्र में अवैध कब्जो के खिलाफअभियान तेज किया गया।आज शुक्रवार को ताबड़तोड़ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पटेल चौक से कचहरी क्षेत्र में की गई। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, नायब तहसीलदार किशोर वर्मा, ज्योत्सना कलिहारी, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, तोड़ूदस्ता व यातायात पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया गया। मौके पर दुर्ग थाना पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़ूदस्ता ने सडक़ आवागमन बाधित कर ठेलों में सामग्री विक्रय करने वालों पर भी कार्रवाई की और दुकानदारों द्वारा बाहर समान व ठेलों पर निगम के तोड़ूदस्ता ने सख्ती से कार्रवाई की।

निगम में शक्ति वंदन कार्यक्रम

भिलाई-03। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वार्ड के नागरिकों ने पहुँचकर अपनी सहभागिता प्रदान की। स्व-सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) जिसका गठन महिलाओं को अनेक प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए हो रहा है। उन महिलाओं को भागीदारी से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को सार्थक करने शासन द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं में एक अलग उत्साह आज के शिविर में भी देखा गया।

केंद्रीय गोड़ महासभा करेगा सीएम साय का सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ 11 फरवरी को गोडवाना भवन सिविललाइन कसारीडीह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा, रिकेश सेन, ईश्वर साहू के अलावा आदिवासी समाज के 18 भाजपा विधायकों का सम्मान करेगा। इस समारोह को यादगार बनाने मुख्यमंत्री श्री साय को लड्डुओं से तौलकर आदिवासी समाज के परंपरानुरूप उनका तीर-धनुष व बासन पहनकर भव्य स्वागत- सम्मान किया जाएगा। सम्मान स्थल पर श्री साय को गाजे बाजे व शोभायात्रा के साथ लाया जाएगा। इस दौरान आदिवासी नृत्य और गीत की धुन आकर्षण का केंद्र रहेगी। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाले सम्मान समारोह में दुर्ग संभाग के 8 जिलों के अलावा बस्तर संभाग और अन्य आदिवासी क्षेत्र से आदिवासी समाज के लोग करीब 10हजार की संख्या में जुटेगे। सम्मान समारोह उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को महासभा द्वारा आदिवासी समाज के लोगों की समस्याओ और विकास हितैषी विषयों से संबंधित मांग पत्र भी सौपे जाएंगे। यह बातें केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, सचिव पन्नालाल नेताम, प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर, धमधा तहसील अध्यक्ष पुराणिक नेताम, राजूलाल नेताम, रामसिंह ठाकुर भी मौजूद थे। चर्चा में केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 23 साल बाद राज्य को मुख्यमंत्री के रूप में पहला आदिवासी मुख्यमंत्री मिला है। जिससे पूरे आदिवासी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। आदिवासी समाज मुख्यमंत्री के स्वागत व सम्मान करने के लिए आतुर है।

विधायक गजेंद्र के प्रयास से शहर को मिली कई सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने आज अपना पहला बजट पेश किया। विधायक गजेंद्र यादव के प्रयास से वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट में दुर्ग को कई बड़ी सौगात मिली है। छात्रहित में नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी, आईटीपार्क की मंजूरी मिली है। 8 प्रमुख सड़को का कायाकल्प, 7 तालाबों को जोड़कर शहर की जनता को गंदा पानी से निजात मिलेगा और बारिश में जलभराव को रोकने कार्ययोजना को बजट में स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री साय ने जनता को राहत दिए है। श्री यादव के पहल से आईटी पार्क बनाने को लेकर बजट में स्वीकृति मिल गई है। अब दुर्ग-भिलाई में आईटी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों तथा डिजिटल कार्य के क्षेत्र में दुर्ग नये आयाम स्थापित करेगा। सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में किसी प्रकार टैक्स नहीं बढ़ाया गया है, युवाओ को रोजगार देने उद्यम क्रांति योजना, कृषि उन्नत, महतारी वंदन जैसे मुद्दे बजट में पारित कर जनता से जो वादे किए उन वादों को पूरा करने बजट में उतारकर नागरिकों का सम्मान बढ़ाया है।

योजना से 229 को मिला आवास

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के 229 आवासो का आबंटन लॉटरी निकालकर किया गया। हितग्राही अपने स्वंय का मकान पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने शासन प्रशासन की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। निगम के खम्हरिया क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) मकान को किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को आवास आबंटन के लिए महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार व डिप्टी कलेक्टर उत्तर ध्रुव की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। इसमें 229 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया। जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ। मोर मकान मोर आस के अंतर्गत सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया में 218 इसी प्रकार मोर आस मोर चिन्हारी के अंतर्गत सूर्या विहार में 4 तथा माइल स्टोन में 7 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया। पीएम आवास योजना के लॉटरी में शामिल होने सुबह 10 बजे से ही हितग्राही निगम में उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी, उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। महापौर व आयुक्त ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में चिन्हित था। जिन्हे प्राथमिकता के आधार पर भूतल की लॉटरी में शामिल किया गया। आवास आबंटन के दौरान पार्षद हरिओम तिवारी, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, कार्यपालन अभियंता बीके वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, योजना प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, उपअभियंता दीपक देवांगन सहित लॉटरी में शामिल होने आये हितग्राही शामिल थे।

पालिका को मिला 20 नग प्लाटिक बेरिकेट

नवप्रदेश/जामुल। नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गो के लिए एसीसी द्वारा 20नग प्लाटिक बेरिकेट प्रदान किया गया है। नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में वाहनों की गति बहुत ज्यादा होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गो में पानी युक्त रोड बेरियर लगाया जा रहा है। क्योंकि नियंत्रित गति से ही सुरक्षित यात्रा संभव है। जिससे मानव जीवन सुरक्षित होगा। इसी कारण व्यवस्तम मार्गो में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवागमन हेतु व्यवस्था किया जा रहा है। इस दौरान एसीसी एचआर धर्मेश शर्मा, अयुब खान, लोनि प्रभारी खम्मन ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी हरिश साहू, प्रकाश मानिकपुरी, प्रदीप सिंह, मेघनाथ सोनी, आशा जंघेल, हर्षा मेहरा, रामु देवांगन, पुरूषोत्तम सोनी, उपस्थित थें।

14 तक जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

■ दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग करें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य लगाएं -न्यायमूर्ति सप्रे

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के चेयरमेन न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने आज बीआईटी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता परिचर्चा कार्यक्रम में स्कूल एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से परिचर्चा की। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्कूली बच्चों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकां को वीडियो के माध्यम से बताया गया कि हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप बीमारी से बच सकते हैं, लेकिन सड़क दुर्घटना से नही बच सकते हैं। देश में एक्सीडेंट से मौत की संख्या बढ़ी है, जिसे हम सब को मिलकर कम करना है। बीमारी बता के आती है, लेकिन एक्सीडेंट बता के नही आती है। एक्सीडेंट से 100 में से 50 प्रतिशत मौते बच्चों एवं युवाओं की हो रही है। सड़क दुर्घटना तेज रफ्तार से वाहन चलाने और नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से होती है। इसे विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गाड़ी चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए, जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा की स्कूली बसों, यात्री वाहन, व्यावसायिक वाहनों के मालिक, वाहन चालक व परिचालको से परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 14 फरवरी तक मनाया जाएगा।

व्यवसायिक जोखिम एवं रोकथाम पर कार्यशाला

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-3 में, प्लेट मिल के सभागार में 08 फरवरी 2024 को व्यवसायिक जोखिम एवं रोकथाम विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आरके बिसारे के एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक एसके वर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आरके बिसारे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे कर्मचारियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं समर्पण से प्लेट मिल को नई ऊंचाईयां दी है। यह कार्यक्रम उन्हें, उनके कार्यक्षेत्र में व्यावसायिक जोखिमों के प्रति जागरूक करने एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के रोकथाम पर जानकारी प्रदान करने के लिए आयोजित की गई है। विशिष्ट अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में व्यावसायिक जोखिम एवं रोकथाम के फैकल्टी, वरिष्ठ प्रबंधक शुभश्री प्रशांत ने, प्लेट मिल के कर्मचारियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कार्य स्थल में उत्पन्न जोखिम एवं खतरे की पहचान करना, जानकारी एवं रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। विभागीय सुरक्षा अधिकारी महाप्रबंधक सी पदमनाभन ने घर से घर तक सुरक्षा, सुरक्षित कार्य प्रणाली, नियर मिस केसेस तथा सुरक्षा के साथ उत्पादन पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक भास्कर रॉय, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद, रूहेल सिंह, श्यामल बेनर्जी, नीता सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401101100029 /अ-06/वर्ष 2023-24
ग्राम-दारगांव, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनाराम साहू पिता कंदूलाल साहू निवासी वार्ड नं. 14 पुरानी बस्ती कुरुद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश कर किया गया है कि मौजा ग्राम दारगांव प.ह.न. 23 तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर एवं रकबा नंबर 1232/1(0.40) कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.40 हे. भूमि खातेदार रजवंतिन पिता शोभित ग्राम दारगांव तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि को विक्रेता पूनाराम साहू पिता कंदूलाल साहू निवासी वार्ड 14 पुरानी बस्ती कुरुद तह. व जिला दुर्ग द्वारा विक्रय किया गया है। रजिस्टर्ड दिनांक 06.10.2023 क्रय कर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वाद भूमि का प्रमाणीकरण करने से आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22.02.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400399 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रवि कुमार आ./पति कृष्ण कुमार निवासी चंदखुरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 37 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 756/5 रकबा 0.0140 हें/ 1502 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400398/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रदीप बड़वाल आ./पति हरजिंदर सिंह निवासी आर्य नगर कोहका भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1201/2 रकबा 0.006 हें/ 612 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400160/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका परमिला आ./पति विमलराम निवासी आर्य नगर कोहका द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 979/24 रकबा 0.01 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400390/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हबीबा सिद्दीकी आ./पति आरिफ सिद्दकी निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 61/10 रकबा 0.005 हें/ 500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद कुमार पाटले पिता स्व. एन.एस. पाटले निवासी ग्राम आशीष नगर पश्चिम रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 432/4 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार एन.एस. पटले की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107000029

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी हुक्मीचंद जैन पिता/पति सुरजमल जैन पता वार्ड 32 दिगम्बर जैन मंदिर रोड सदर बाजार दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 252/59(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती झंकारीबाई जैन पिता/पति हुकमीचंद जैन पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा-जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401101100029 /अ-06/वर्ष 2023-24
ग्राम-दारगांव, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनाराम साहू पिता कंदूलाल साहू निवासी वार्ड नं. 14 पुरानी बस्ती कुरुद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश कर किया गया है कि मौजा ग्राम दारगांव प.ह.न. 23 तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर एवं रकबा नंबर 1232/1(0.40) कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.40 हे. भूमि खातेदार रजवंतिन पिता शोभित ग्राम दारगांव तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि को विक्रेता पूनाराम साहू पिता कंदूलाल साहू निवासी वार्ड 14 पुरानी बस्ती कुरुद तह. व जिला दुर्ग द्वारा विक्रय किया गया है। रजिस्टर्ड दिनांक 06.10.2023 क्रय कर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वाद भूमि का प्रमाणीकरण करने से आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22.02.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इनिकुंवर निर्मलकर पिता स्व. मोतीलाल निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 597/9 रकबा 0.0090 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रतनीबाई निर्मलकर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष- 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मालती पति धनुषधारी निवासी भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 348/7 रकबा 0.0106 हे. भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता विशाल डेवलपर्स प्रोपराईटर संजीव कुमार सिंह पिता स्व. लालदेव सिंह से क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा सुधार पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.02.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 01.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202402101200024 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार जैन पिता सोहनलाल जैन निवासी तमेरपारा दुर्ग मौजा ग्राम अण्डा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 238/2 रकबा 0.8000 हे. भूमि शांतिदेवी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 29.12.2015 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 01.03.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202402101200025 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार जैन पिता सोहनलाल जैन निवासी तमेरपारा दुर्ग मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 865/2, 866/2, 868 रकबा 0.3100, 2.1300, 0.1700 हे. भूमि शांतिदेवी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 29.12.2015 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 01.03.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी, महोद्य दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै हरिशंकर साहू पिता स्व. अमृतलाल साहू उम्र 76 वर्ष निवासी ग्राम कुरुद वार्ड नं. 14 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत् था, जहां से मैं सेवानिवृत्त हो गया हूं। बी.एस.पी. से संबंधित रिकार्ड में मेरा नाम शंकरलाल साहू दर्ज है मेरा पर्सनल नंबर 134842, पद टेक्निशियन विभाग टाउन एण्ड इलेक्ट्रीकल डिपार्टमेंट था। वर्तमान में मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं पेन कार्ड में मेरा नाम हरिशंकर साहू आ. स्व. अमृतलाल साहू दर्ज है। यह कि हरिशंकर साहू एवं शंकरलाल साहू दोनो नाम का मैं ही व्यक्ति हूं दोनों मेरा ही नाम है। अतएव मैं चाहता हूं कि मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जावे। यह कि मैं दोनों नाम से अपने चित-परिचितों एवं समाज में जाना एवं पहचाना जाता हूं। परंतु मैं आगे हरिशंकर साहू के नाम से जाने एवं पहचाना जाना चाहता हूं इसलिए अपने दस्तावेंजो में अपना नाम हरिशंकर साहू दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि मैं हरिशंकर साहू के अपना नाम छग राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं। अत: उपरोक्त कथनों के संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
हरिशंकर साहू

न्यूज गैलरी

मरीजों को एक्स-रे रिपोर्ट महज अब दस मिनट में

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक और सौगात के रुप में कम्प्यूटर रेडियोग्राफी (सी. आर.)सिस्टम मिला है पहले अस्पताल में मैन्युअल एक्स रे से काम चल रहा था जिसमें एक्स रे करवाने के बाद मरीजों को एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब सीआर सिस्टम लगने से मरीजों को एक्स रे रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार करना नहीं पड़ेगा वहीं मैन्युअल एक्स रे करवाने पर छोटे मोटे फ्रैक्चर पता नहीं चल पाता था बहुप्रतीक्षित मांग था जिसे अनेकों बार शासन प्रशासन को लिखित पत्रचार के माध्यम से मांग कर रहे थे लंबे अरसे बाद एक सौगात के रूप में मे मिला हैं अब सीआर सिस्टम लगने से एक्स रे के क्वालिटी में भी बदलाव नजर आने लगा है। कम्प्यूटर रेडियोग्राफी सिस्टम का लागत लगभग अनुमानित लागत 12.50 लाख रुपए का है जानकारी मिली है वहीं इस मशीन को छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कारपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमसी) के द्वारा मुहैया कराया गया है जिसका विधिवत शुभारंभ अश्वन कुमार पुसाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव के द्वारा ग्रीन रिबन काटते हुए पुजा अर्चना कर शुरुआत किया इस अवसर पर डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी,भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर, रंजना शुक्ला आरएमए, सुलोचना रामटेके,बी देवांगन नर्सिंग सिसटर, विशाल खत्री, खेमराज लहरें, रूपेश साहू, टी परवीन,रानी ठाकुर शुभम् गर्वे,तेजराम नेताम पायल , घनश्याम साहू जशवंत कोढापे शिप्रा मुटकुरे,टिकेश्वरी साहू सहित अस्पताल कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा प्रज्ञा पुराण कथा 10 से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम चंदिया (गिदर्री) में आगामी 10 फरवरी से दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। परिवार कल्याण, समाज कल्याण तथा विश्व कल्याण की भावना के साथ आयोजित उक्त कार्यक्रम में निऱ्शुल्क अनेक संस्कार भी संपन्न कराये जायेंगे। अखिल विश्व गायत्री परिवार, परमपूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में गायत्री मिशन के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा जी प्रज्ञा पुराण कथा वाचन करेंगे। आयोजन के प्रथम दिवस 10 फरवरी को प्रातऱ 10 बजे ग्राम में मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी। पश्चात् दोपहर 1 बजे देवपूजन तथा देवस्थापना तथा सायं 4 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथामृत होगा। द्वितीय दिवस 11 फरवरी को प्रातऱ 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा। पश्चात् सायं 4 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा तथा टोली की बिदाई होगी।

छत्तीसगढ़ के विकास की मजबूत नींव रखने वाला बजट-बालकृष्ण

डोंगरगांव/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्तमान सत्र में आज प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा आज बजट प्रस्तुत किया गया। सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मंडल भाजपा के महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने उक्त बजट को छत्तीसगढ़ के विकास की मजबूत नींव रखने वाला बजट निरूपित किया है। एक विज्ञप्ति में श्री सिन्हा ने कहा

चार अलग-अलग सड़क हादसों में पुलिस कर्मी समेत 3 की मौत

गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बीच रास्ते में शव को रखकर चक्काजाम किया

पलारी/नवप्रदेश। शुक्रवार को तीन अलग-अलग जगह दर्दनाक सड़क हादसे हुए। पलारी में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 25 साल के युवक की मौत हो गई है। इसके अलावा वाहन चालक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। डोंगरगढ़ में अज्ञात माल वाहक गाड़ी ने पुलिस कर्मी को कुचल दिया। इस घटना में पुलिस कर्मी की मौत हो गई। मृतक का नाम शिवचरण मंडावी बताया जा रहा है। बिलाईगढ़ में एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी दी, जिसके बाद मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई है।

डोंगरगढ़ में अज्ञात माल वाहक गाड़ी ने पुलिस कर्मी को कुचल दिया। इस घटना के बाद पुलिस कर्मी की मौत हो गई, मृतक का नाम शिवचरण मंडावी बताया जा रहा है। यह पूरा मामला बागनदी पुलिस थाना क्षेत्र का है।

सड़क हादसे से गुस्साएं ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बाइक सवार युवक को मारी टक्कर-बिलाईगढ़ में अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी दी, जिसके बाद मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। हालांकि गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बीच रास्ते में शव को रखकर चक्काजाम कर दिया है। यह हादसा दुम्हानी मोड़ के पास का है। इस मामले की जांच के लिए बिलाईगढ़ पुलिस और तहसीलदार मौजूद है।

तेज रफ्तार कार खेत में पलटने से चालक की मौत

बलौदाबाजार. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी. हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए. घटना में चालक की मौके पर मौत हो गई. घटना बीती रात की बताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

बता दें कि पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है. हादसे के वक्त कार में 3 लोग सवार थे. इस दौरान वाहन चालक कार से छिटककर पास से ही गुजर रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार, चालक का शव हादसे वाली जगह से 100 मीटर दूर झाड़ियों में पड़ा मिला. घटना की जानकारी मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है.

विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट : भावना

- **किसान, युवा, महिला व प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला सर्वसमावेशी बजट**

कवर्धा/नवप्रदेश। विधानसभा में आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार का बजट प्रस्तुत किया। भाजपा ने इसे अमृत काल के नींव का बजट नाम दिया है जिसमें उन्होंने 10 प्रमुख आधार सतम्भों में विभाजित करते हुए विजन डॉक्यूमेंट अमृतकल छत्तीसगढ़ विजन 2047 का उल्लेख किया।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बजट में सभी वर्ग एवं प्रदेश के विकास हेतु प्रस्तुत बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकासशील छत्तीसगढ़ से विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें सेवा,सुधार,सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य भाजपा सरकार ने तय किया है। इस सर्वसमावेशी बजट में भाजपा सरकार ने 10 प्रमुख स्तंभ निर्धारित किये हैं जो गरीब, युवा , अन्नदाता और नारी (ज्ञान) की समृद्धि के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इसके साथ ही वित्त मंत्री जी ने छत्तीसगढ़ का बजट पेश करते हुए वर्ष 2030 तक 10 लाख करोड़ के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूंजीगत निवेश में पर्याप्त वृद्धि करने पर जोर दिया है जो विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि बजट प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना के लिए 3716 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 117 करोड़, 10 नई अम्ब्रेला योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 628 करोड़, आंगनबाड़ी और पूरक पोषण के लिए 700 करोड़ सहित, स्वयंसहायता समूह व ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के 561 करोड़, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व नोनी सुरक्षा योजना के तहत भी बजट में प्रावधान कर एक बार पुनः भाजपा की महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ति हेतु प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।

*बजट में हमारे कबीरधाम जिले को भी स्थान देते हुए सायबर अपराध के रोकथाम के लिए नवीन सायबर सेल व मानव तस्करी रोकने के लिए और क्षेत्र की बेटियों व बहनों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस सेल की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व अन्य घोषणाओं हेतु मैं मुख्यमंत्री जी व वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ। प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी बेहतर प्रयास करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में हायर सेकेंडरी स्कूल के विकास और रखरखाव के लिए 3,952 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

वहीं शिक्षा और कौशल विकास के बजट में 15.95 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर स्कूली शिक्षा के लिए 21,489 करोड़,उच्च शिक्षा के लिए 1,333 करोड़ और कौशल विकास के लिए 690 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का निर्णय का हम स्वागत करते हैं।

हेल्थ कैंप में 186 हितग्राहियों का परीक्षण

बीजापुर /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेक तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास गवेल के मार्गदर्शन में 07 फ़रवरी को विकासखंड स्तरीय चिकित्सा दल द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर मनकेली के अंतर्गत सुदूर पंहुच विहीन ग्राम कोकरा में स्वास्थ्य जाँच उपचार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोकरा-इसूलनार क्षेत्र के कुल 186 ग्रामीण मरीजों और हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया । शिविर में 06 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और 37 ह्ष्ठ स्क्रीनिंग किया गया जिसमें रक्तचाप के 2 और मधुमेह के 1 मरीज उपचारित किए गए, 40 सिकलसेल जाँच में 01 पॉजीटिव और 88 मलेरिया जाँच में 07 क्क्न मलेरिया और 01 स्न्ध× मलेरिया के मरीजों आवश्यक दवाई के साथ चिकित्सकीय सलाह दी गई। साथ ही सर्दी-खांसी के 32, खुजली के 21, उल्टीदस्त के 06, कान दर्द 07, नेत्र रोग 08 और अन्य 58 मरीजों को चिकित्सा सुविधा मुहैया किया गया। शिविर में विशेष तौर पर ह्ष्ठ स्क्रीनिंग और कैंसर रोग जनजागरण कार्यक्रम के तहत उपस्थित ग्रामीणों को कैंसर रोग के कारण लक्षण जाँच और उपचार की जानकारी दी गई साथ ही जिला अस्पताल बीजापुर में कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। विकासखंड बीजापुर और पंचायत मनकेली अंतर्गत ग्राम कोकरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक नोडल अधिकारी ह्ष्ठ नीलकण्ठ जोशी (त्र्क्र) और बीपीएम श्री दीपक देवांगन के साथ आरएचओ रोशन बेक, कैलाश मांझी, दीपक साहनी, स्मृति ठाकुर, सुनील तलांडी, बीसी मितानिन कार्यक्रम रोशनी और सुनीता ने शिविर में सहयोग किया ।

मचानपार में दो दिवसीय विराट देवी जस गायन प्रतियोगिता आज से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव ब्लाक के ग्राम मचानपार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 वा वर्ष रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय विराट जस गायन एवम झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 व 11 फरवरी को रखा गया है। सचिव माधव साहू ने बताया कि जस गायन झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रु रखा गया इसी प्रकार गायन में प्रथम पुरस्कार 2001 एवं सभी मंडली के लिए सदाबहार पुरुस्कार भी रखा गया है।यह आयोजन जय आदर्श फाग सेवा भंजन मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्रथम दिवस में प्रमुख रूप मधुसूदन यादव भरत वर्मा दिनेश गांधी जागृति यदु रामकुमार गुप्ता राजेंद्र जैन जागेश्वर यादव मीनाक्षी देशलहरे के उपस्थिति में शुभारंभ होगा द्वितीय दिवस समापन अवसर पर प्रमुख रूप से अथिति गुलाब वर्मा महेंद्र यादव हेमंत साहू मदन साहू चिंता साहू राहुल देशलहरे होंगे जय आदर्श फाग सेवा भजन मंडली एवम हिंद युवा मंडल और ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

महतारी वंदन योजना, ब्लाक में अब तक

डोंगरगांव/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 08 फरवरी को पात्र हितग्राहियों से जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र से कुल 6408 तथा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 559 आवेदन पत्र जमा किए गए। इस प्रकार आज दिनांक तक डोंगरगांव ब्लॉक में योजना अंतर्गत कुल 19293 आवेदन जमा कर लिए गए हैं।

पचास हजार हितग्राहियों का है लक्ष्य

महतारी वंदन योजना अंतर्गत डोंगरगांव ब्लॉक में अनुमानित लक्षित हितग्राहियों की संख्या लगभग पचास हजार है। इसमें से 19293 आवेदन लिए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में आवेदनों की संख्या और बढ़ेगी तथा शीघ्र ही लक्ष्य पूर्ण होने की संभावना है।

निशुल्क आवेदन उपलब्ध

योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क आवेदन पत्र तथा स्वघोषणा पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। लक्षित पचास हजार हितग्राहियों के विरुद्ध चालीस हजार से अधिक आवेदन पत्र ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में उपलब्ध कराया जा चुका है। इन आवेदन पत्रों को पात्र हितग्राहियों को निशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

पंचायतों तथा विभिन्न वार्डो में लग रहा है विशेष शिविर

महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर की टीम पात्र हितग्राहियों को आवेदन भरने में सहयोग कर रही है तथा उनके आवेदन ले रही है। इसी प्रकार नगर पंचायत क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड प्रभारी मिलकर योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं।

20 फरवरी तक आवेदन

योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन 20 फरवरी तक लिए जायेंगे। योजना को लेकर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

आवास व महतारी वंदन योजना से भी लाभान्वित होंगे गरीब

वनांचल क्षेत्र में रहने वाले बैगा परिवारों को मिल रहा लाभ

कवर्धा/नवप्रदेश। कच्चे घर से पक्के मकान का सफर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना से साकार हो रहा है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आवासीय न्याय महा अभियान जनमन योजना मिल का पत्थर बनकर आया है।अपना पक्का घर बनाने का सपना पूरा होता देख ग्राम पंचायत विचारपुर जनपद पंचायत पंडरिया के हितग्राही दोगुल बैगा पिता बजरु बैगा जिनका जॉब कार्ड नम्बर ष्ट॥-02-004-109-003/495 बहुत खुश है। कहते हैं कि अब सभी मौसमों में परिवार के साथ रहने में कोई परेसानी नहीं होगी।

अरपा महोत्सव, कलेक्टर ने विजेता धावकों को किया पुरस्कृत

गौरेला/पेण्ड्रा/मरवाही/नवप्रदेश। जीपीएम जिला गठन के चौथी वर्षगाठ पर 10 फरवरी को आयोजित अरपा महोत्सव के उपलक्ष्य पर आज नदियों और वनों के संरक्षण के लिए जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से 21 किलोमीटर और 5 किलोमीटर मैराथन आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन में आयोजित 21 किलोमीटर के मैराथन का शुभारंभ कार्यालय वनमण्डलाधिकारी मड़ना गौरेला से शुरू होकर ओवरब्रिज, कुर्रीपारा बाइपास, सिविल कोर्ट स्क्वेर, रानी दुर्गावती चौक, कलेक्टर ऑफिस होते हुए सेमरा बाई से वापस वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में समाप्त हुआ। इसके साथ ही इसी रूट पर 5 किलोमीटर का मैराथन भी आयोजित किया गया। कलेक्टर ने विजेता धावकों को 5 हजार रुपए प्रथम, 3 हजार रुपए द्वितीय और 2 हजार रुपए तृतीय नगद पुरस्कार के साथ ही शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मैराथन में पंजीकृत सभी धावकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। 21 किलोमीटर मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान राजेश मरावी, द्वितीय स्थान अशलेश कुमार, तृतीय स्थान सागर केंवट और महिला वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी मरावी, द्वितीय स्थान प्रियंका चौधरी, तृतीय स्थान अंशु माला का रहा। इसी तरह 5 किलोमीटर मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान चंद्रभान सिंह, द्वितीय स्थान पुर्षोत्तम सिंह, तृतीय स्थान मोहन राठौर और महिला वर्ग में प्रथम स्थान कुसुम ओट्टी, द्वितीय स्थान जयमंत्री देवी एवं तृतीय स्थान पर शांति पैकरा रही।

अंडर-19 फाइनल मैच दिलचस्प होगाः डिविलियर्स

भारत-आस्ट्रेलिया की अंडर-19 खिताबी भिड़ंत कल

जोहान्सबर्ग। पूर्व द.अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने पहले सेमीफाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर जीत के बाद अंडर-19 भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा की। भारत ने रिकॉर्ड छठे अंडर-19 विश्व कप खिताब की राह पर उदय सहारन की अगुवाई में प्रोटियाज़ को दो विकेट से हराकर नौवीं बार और लगातार पांचवीं बार शिखर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में ह्यूग वीबजेन की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया। भारत का सामना अब रविवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा।डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका की हार पर निराशा व्यक्त की, लेकिन सेमीफाइनल में जिस तरह से भारतीय टीम ने जीत दर्ज की उसकी प्रशंसा भी की।उन्होंने कहा, हां, मैं अंडर19 विश्व कप पर नजर रख रहा हूं। दो करीबी सेमीफाइनल मैच थे। खासकर ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का मैच बेहद रोमांचक रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के नौ विकेट गिर चुके थे लेकिन वे वापसी करने में कामयाब रहे जैसा कि वे बड़े क्षणों में करते हैं।इसके अलावा भारत-दक्षिण अफ्रीका का मैच भी करीबी था। शुरुआती चार विकेट लेने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका दबाव बनाने में नाकाम रहा। भारत ने शानदार वापसी की और सेमीफाइनल जीता। इससे पता चलता है कि भारत के पास क्रिकेट में अद्भुत गहराई है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल दिलचस्प होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 फरवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 14 खिलाड़ियों की टीम का चयन किया है, जिसमें माइकल नेसर को भी शामिल किया गया है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया घरेलू श्रृंखला वाली टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगा, जिसमें एकमात्र बदलाव नेसर के रूप में है।नेसर को लांस मॉरिस की जगह मौका मिला है जो वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में चोटिल हो गए थे।साथ ही एक वजह यह भी है कि चयनकर्ता वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में सीम-अनुकूल पिचों की उम्मीद कर रहे हैं। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहाः माइकल नेसर की टीम में वापसी हुई है। यह देखना बहुत अच्छा है कि माइकल नेसर को लंबे समय से उनके लगातार प्रदर्शन और हमारी परिस्थितियों के बाद टीम में एक और मौका मिला है।तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर श्रृंखला के दौरान टीम का नेतृत्व करेंगे। इस टीम के साथ वो एक मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करेंगे जिसमें जोश हेज़लवुड, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन शामिल हैं, जबकि अनुभवी उस्मान ख्वाजा की उप-कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी नई भूमिका जारी रखने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है। इस महीने की शुरुआत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को 285 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड शीर्ष पर है।पहला टेस्ट वेलिंग्टन में 29 फरवरी और दूसरा मैच 8 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।ऑस्ट्रेलिया की टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, माइकल नेसर, मैथ्यू रैनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान) और मिचेल स्टार्क।शेड्यूलः

पहला टेस्टः 29 फरवरी/ 4 मार्च, वेलिंग्टन

दूसरा टेस्टः 8 मार्च/ क्राइस्टचर्च

टीम इंडिया को बड़ा झटका, बाहर हो सकते हैं श्रेयस

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के बचे हुए 3 मैचों के लिए भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टीम का ऐलान करने वाले हैं. मगर, इससे पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है. असल में, श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट नहीं हैं, जिसके चलते वह बचे हुए 3 टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं. हालांकि, अभी आधिकारिक रूप में इस खबर की पुष्टि नहीं हो सकी है. भारतीय चयनकर्ता बचे हुए 3 मैचों के लिए टेस्ट टीम का ऐलान करें उससे पहले रिपोर्ट्स के हवाले से श्रेयस अय्यर के स्क्वाड से बाहर होने की खबर आई है. रिपोर्ट्स की मानें, तो अय्यर ने फॉरवर्ड डिफेंस खेलते समय पीठ में अकड़न और ग्रोइन एरिया में दर्द की शिकायत की है, जिसने उनके बचे हुए टेस्ट में खेलने पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं. इतना ही नहीं, एक और जानकारी सामने आई है कि जहां, एक तरफ दूसरे टेस्ट के बाद राजकोट में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए पूरी टीम की प्लेइंग किट वाईजैग से सीधे राजकोट पहुंचा दी गई थी, जबकि अय्यर का सामान मुंबई में उनके घर भेज दिया गया था. सूत्रों ने कहा है कि, श्रेयस अय्यर को आगे के टेस्ट के लिए बैंगलोर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) भेजा जाएगा, लेकिन बल्लेबाज को अगले महीने इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने तक मैदान में वापसी की उम्मीद है. पिछले साल पीठ की चोट के बाद अय्यर की सर्जरी हुई थी और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का सीजन मिस किया था. श्रेयस अय्यर इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. इंग्लैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के शुरुआती 2 मैचों में उन्हें मौका तो मिला, लेकिन वह उस मौके को भुना नहीं पाए. जी हां, उन्होंने हैदराबाद में पहली पारी में 35 और दूसरी पारी में 13 रन बनाए. वहीं, विशाखापट्टनम टेस्ट की पहली पारी में 27 और दूसरी पारी में 29 रन बनाए।

युवा खिलाड़ी विर्ट्ज़ और मुसियाला बुंडेसलीगा में मचा रहे हैं धूम

बर्लिन। फुटबॉल के मैदान के बाहर निजी जिंदगी में दो खिलाड़ी बेहद खास दोस्त हैं, लेकिन मैदान पर बायर लीवरकुसेन और बायर्न म्यूनिख की जर्सी में वे कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं।

इस शनिवार शाम जर्मनी के सबसे प्रतिभाशाली युवा फ्लोरियन विर्ट्ज़ और जमाल मुसियाला लाखों फुटबॉल प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेंगे। इस सीज़न के लीग खिताब के लिए संघर्ष करते हुए ये दोनों जर्मनी को 2024 यूईएफए यूरो की राह पर ले जाने की आशा को आगे बढ़ाने की भूमिका में आ गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विर्ट्ज़ के साथ अनुबंध करने में बायर्न की कथित रुचि के साथ बवेरियन प्रशंसकों के बीच उन्हें किसी दिन बायर्न में एक साथ खेलते हुए देखने की इच्छाएं बढ़ती जा रही हैं। 17 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद दोनों खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए हमेशा सराहा जाता है, जबकि मुसियाला ने 28 यूईएफए चैंपियंस लीग मैच और 105 लीग मैच खेले हैं। यूरोपीय प्रतियोगिताओं में 26 उपस्थिति और 97 लीग मैचों में उनका रिकॉर्ड कायम हुआ। हालांकि, वह अपने दोस्त की तुलना में लगभग 100 दिन बाद जर्मन जर्सी में उतरे। जहां प्रमुख भूमिका की बात आती है तो विर्ट्ज़ को थोड़ा लाभ मिलता दिख रहा है, लेकिन हाल के महीनों में मुसियाला कभी-कभी बायर्न में फंस गया है। लीवरकुसेन के खेल निदेशक साइमन रोल्फ़ेस ने कहा, वह हमारे संचालन नेताओं में से एक हैं। लीग खिताब जीतने और यूईएफए चैंपियंस लीग में खेलने से लेवरकुसेन की विर्ट्ज़ को बनाए रखने की संभावना बढ़ जाएगी।

बिजनेस

इक्विटी फंडों में निवेश 22 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। मल्टी और स्मॉलकैप योजनाओं में निवेश के कारण भारत में इक्विटी फंडों में निवेश जनवरी में 22 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर जा पहुंचा। यह बात एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कही। जनवरी में इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड योजनाओं में शुद्ध निवेश पिछले महीने की तुलना में 28 प्रतिशत बढ़कर 21,780 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग में एसआईपी योगदान जनवरी में रिकॉर्ड 18,838 करोड़ रुपये रहा, जबकि दिसंबर में यह 17,610 करोड़ रुपये था।

मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने कहा कि जनवरी में मामूली उतार-चढ़ाव के बावजूद बाजार महीने-दर-महीने आधार पर सपाट बंद हुआ। क्षेत्रीय/विषयगत और स्मॉलकैप उन्मुख फंड प्राथमिक योगदानकर्ता थे, जिनका योगदान क्रमशः 4,804 करोड़ रुपये और 3,256 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह पिछले महीने के प्रवाह से कम था। मल्टीकैप श्रेणी के फंडों में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो दिसंबर 2023 में लगभग 1,852 करोड़ रुपये से जनवरी में 3,038 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।उन्होंने कहा, दिसंबर 2023 में अनुभव किए गए शुद्ध बहिर्प्रवाह को उलटते हुए लार्जकैप ने इस महीने सकारात्मक योगदान दिखाया। प्रवृत्ति में यह बदलाव बड़े बनाम मध्य और छोटे कैप के बीच मूल्यांकन अंतर के अनुरूप है, जो सुझाव देता है कि बड़े कैप/फ्लेक्सी कैप उन्मुख योजनाएं उच्च प्रवाह को आकर्षित कर सकती हैं।फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि जनवरी में एफपीआई ने इक्विटी से निकासी की, वहीं घरेलू निवेशकों ने जनवरी में पूरे वित्तवर्ष 24 की तुलना में सबसे अधिक रुचि दिखाई ङ्क फोलियो की संख्या और इक्विटी में शुद्ध प्रवाह दोनों के मामले में। जनवरी में कुल इक्विटी फोलियो में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले नौ महीनों में पूर्ण और प्रतिशत के संदर्भ में सबसे अधिक वृद्धि है।

जनवरी में अधिक प्रवाह और कम बहिर्वाह दोनों के कारण, शुद्ध प्रवाह बढ़कर 21,781 करोड़ रुपये हो गया है। यह दिसंबर से 28 प्रतिशत अधिक है और पिछले आठ महीनों के औसत प्रवाह से 73 प्रतिशत अधिक है। जबकि एफपीआई ने ऋण योजनाओं में प्रवाह बढ़ाया, व्यक्तिगत निवेशकों ने कम रुचि दिखाई, जैसा कि ऋण योजनाओं में फोलियो की संख्या में कमी के रूप में देखा गया। फोलियो की संख्या में 6 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ निवेशक अभी भी स्मॉलकैप फंडों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उपाध्याय ने कहा, अप्रैल 2023 में 1.11 करोड़ फोलियो से जनवरी में स्मॉलकैप फोलियो 60 प्रतिशत बढ़कर 1.78 करोड़ हो गया।

आर्टिकल 370 का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज

यामी गौतम बॉलीवुड की मोस्ट वर्सेटाइल एक्ट्रेसेस में से एक हैं और उन्होंने खुद को एक उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया है. अपने अब तक के करियर में यामी ने तमाम शानदार फिल्में दी हैं. वहीं एक्ट्रेस अब आर्टिकल 370 से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी कर रही हैं. वहीं आज इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का शानदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है.

ट्रेलर की शुरुआत में कश्मीर घाटी नजर आती है. इसके बाद यामी गौतम कहती सुनाई देती हैं कश्मीर इज के लॉस्ट केस. जब तक ये स्पेशल स्टेट्स है हम उन्हें हाथ भी नहीं लगा सकते हैं. इसके बाद स्क्रीन पर प्रियामणि दिखाई देती हैं जिनके सामने यामी कहती हैं कि और वो हमें आर्टिकल 370 को हाथ लगाने भी नहीं देंगे. इसके बाद हाथ में गन लिए एक शख्स नजर आता है जो कश्मीर में भीड़ को कहता सुनाई देता है ये बाजी खून की बाजी है और हर घर से निकलेगा बुरहान.तुम कितने बुरहान मारोगे और फिर एक धमाके की गूंज सुनाई देती है. इसके बाद स्क्रीन पर अरुण गोविल आते हैं जो शायद पीएम के किरदार में हैं. वो कहते नजर आते हैं इस कश्मीर ने बहुत यातना झेली है हम इसे इस हाल में नहीं छोड़ेंगे. ट्रेलर ओवरऑल काफी धांसू है.

एक ऑफिशियली स्टेटमेंट में यामी ने फिल्म को भारत के इतिहास का साहसिक चैप्टर बताया था. उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को पसंद करेंगे. व्यक्तिगत रूप से, एक एक्टर के रूप में मेरे लिए, इस फिल्म ने मुझे जटिलताओं की नई गहराइयों में उतरने का मौका दिया और एक बार फिर मुझे एक ऐसी भूमिका दी जो पहले कभी नहीं देखी गई. आर्टिकल 370 में यामी एक बार फिर एक गंभीर भूमिका में नजर आएंगी. यामी के अलावा, फिल्म में प्रिया मणि भी अहम रोल में नजर आएंगीं. फिल्म में अरुण गोविल, वैभव तत्ववादी, स्कंद ठाकुर और अश्विनी कौल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं.फिल्म में राज जुत्शी, सुमित कौल, राज अर्जुन, असित गोपीनाथ रेडिज, अश्वनी कुमार और इरावती हर्षे मायादेव भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं.आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित, आर्टिकल 370 का निर्माण ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है. ये फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

संप्रग सरकार ने पंगु कर दी थी अर्थव्यवस्था, मोदी सरकार के श्वेतपत्र में जिक्र

नई दिल्ली। सरकार की ओर से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संसद में गुरुवार को पेश किये गये श्वेतपत्र में कहा गया है कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार को विरासत में एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था मिली थी लेकिन उसने 10 साल में उसे पंगु बना दिया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस श्वेतपत्र की प्रतियां दोनों सदनों में प्रस्तुत कीं। इस पर चर्चा इसी सत्र में बाद में करायी जा सकती है। श्वेतपत्र में कहा गया है कि संप्रग के समय देश में महंगाई दर 10 प्रतिशत से ऊंची बनी हुई थी और बैंकिंग क्षेत्र कमजोर हो गया था। इसमें कहा गया है कि संप्रग सरकार के समय के अन्य वृहद आर्थिक आंकड़े दर्शाते हैं कि उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत खराब थी और इससे देश की छवि खराब हुई और निवेशकों का विश्वास डगमगा गया था। श्वेतपत्र में यह भी कहा गया है कि संप्रग सरकार को आर्थिक वृद्धि की गति तेज करने की ऐसी पड़ी थी कि उसने अर्थव्यवस्था के वृहद बुनियादी स्तम्भों की अनदेखी की।

जोमेटो ने तीसरी तिमाही में 125 करोड़ रुपये का मुनाफा किया दर्ज

नई दिल्ली। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने कहा कि चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में 125 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 390 करोड़ रुपये का सुधार है। कंपनी के लिए समेकित समायोजित राजस्व वित्तवर्ष 24 की तीसरी तिमाही में साल-दर-साल 53 प्रतिशत बढ़कर 3,609 करोड़ रुपये हो गया। इसके बी2सी व्यवसायों में सकल ऑर्डर मूल्य (जीओवी) सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 12,886 करोड़ रुपये हो गया। वार्षिक आधार पर, ज़ोमैटो ने अपने बी2सी व्यवसायों में जीओवी के 50,000 करोड़ रुपये को पार कर लिया। जोमैटो के सह-संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने कहा, हमारी समेकित टॉपलाइन 40 प्रतिशत + योय की हमारी घोषित अपेक्षा से ऊपर सार्थक रूप से बढ़ रही है। वास्तव में, इस बिंदु पर हम उम्मीद करते हैं कि टॉपलाइन सालाना 50 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ती रहेगी। बीएसई पर कारोबार के अंत में जोमैटो का शेयर 142 रुपये पर बंद हुआ। वार्षिक समायोजित ईबीआईटीडीए लाभ अब 1,000+ करोड़ रुपये है।

लव स्टोरियां का ट्रेलर जारी, 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक



बॉलीवुड के पॉपुलर फिल्ममेकर करण जौहर अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी लवर्स के लिए एक बेहतरीन वेब सीरीज लेकर आए हैं. जिसका लव स्टोरियां है. आज यानि गुरुवार को इस सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है. जिसमें 6 रियल कपल्स की कहानी देखने को मिल रही है. चलिए जानते हैं आप कब और कहां इस सीरीज को देख सकते हैं. करण जौहर की वेब सीरीज लव स्टोरियां रियल लाइफ कहानियों पर आधारित है. जिसे उनके प्रोडक्शन हाउस 'धर्माटिक एंटरटेनमेंट' के तहत बनाया गया है. इन 6 सच्ची कहानियों का निर्देशन अक्षय इन्दिकर, अर्चना फाडके, हार्दिक मेहता, विवेक सोनी, शाजिया इकबाल और कोलिन ने किया है.'लव स्टोरियां' का ट्रेलर करण जौहर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब प्यार होता है तो कुछ मायने नहीं रखता और इसकी याद दिलाने के लिए रियल लाइफ की कहानी से बेहतर क्या हो सकता है? 6 रियल लाइफ की वो लव स्टोरियां, जो आपको प्यार के जादू और पावर की याद दिलाएंगी...'अब बात करते हैं 'लव स्टोरियां' के ट्रेलर की. जिसमें आपको 6 रियल लाइफ लव स्टोरीज देखने को मिलेगी. इसमें से कोई लड़की बन शादी रचाता दिखाई देगा, तो कोई अपने प्यार के लिए देश छोड़कर काबुल पहुंच गया है. इसके अलावा एक कहानी में आपको ये देखने को मिलेगा कि प्यार उम्र का मोहताज नहीं होता और किसी भी उम्र में इंसान को उसकी सच्चा प्यार मिल सकता है.अगर आप भी ट्रेलर देखने के बाद इस सीरीज के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. तो आपको बता दें कि ये वैलेनटाइन डे के दिन यानि 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है।

17.4 मिलियन बिक्री के साथ रियलमी भारत के टॉप-5 ब्रांड्स में

नई दिल्ली। रियलमी ने 2024 की जोरदार शुरुआत की और 2023 में भारत के टॉप-5 स्मार्टफोन ब्रांडों में से एक बनकर उभरा। ब्रांड ने एक सफल वर्ष का समापन करते हुए, चौथी तिमाही के लिए कुल मिलाकर चौथा स्थान भी हासिल किया।

इस सफलता को 2023 में ब्रांड के अन्य महत्वपूर्ण मील के पत्थर द्वारा रेखांकित किया गया है, जो अपनी पांचवीं वर्षगांठ मना रहा है और 200 मिलियन ग्लोबल शिपमेंट को पार कर गया है।

उपरोक्त के अलावा, रियलमी ने 2023 में भारत के ऑनलाइन स्मार्टफोन बाजार में 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच कीमत वाले डिवाइस के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, दिसंबर में, ब्रांड ने समान प्राइस रेंज के भीतर स्मार्टफोन के लिए अमेजन पर दूसरा स्थान हासिल किया और फ्लिपकार्ट पर शिपमेंट के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया। कैनालिस की एक रिपोर्ट के अनुसार, रियलमी ने 2023 में अकेले चौथी तिमाही में रिकॉर्ड 4.5 मिलियन यूनिट के साथ कुल 17.4 मिलियन यूनिट्स की शिपिंग की, जो उस तिमाही में इसकी सबसे अधिक ऑफलाइन शिपमेंट हिस्सेदारी है। ब्रांड ने एक संतुलित चैनल योगदान बनाए रखा, जिसमें नार्ज़ो सीरीज ईकॉमर्स द्वारा संचालित थी, जबकि बाकी पोर्टफोलियो ऑफलाइन चैनलों पर हावी रहा।

समय के साथ, रियलमी ने हाई-क्वालिटी फीचर्स और कॉम्पिटेटिव प्राइसिंग के संयोजन से भारतीय संवेदनाओं के अनुरूप डिवाइस पेश कर भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपनी जगह बनाई है। यह सफलता रियलमी के लिए रणनीतिक बदलाव लेकर आई है, जो अपॉर्चुनिटी-ओरिएंटेड से ब्रांड-ओरिएंटेड विजन में बदल रहा है। कंपनी अपनी अगली पांच साल की जर्नी की योजना बना रहा है।शुरुआत से ही, रियलमी का मुख्य उद्देश्य युवा वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए बेहतर एक्सपीरियंस सुनिश्चित करते हुए पावरफुल परफॉर्मेंस और इनोवेटिव डिजाइन प्रदान करना रहा है। पिछले पांच सालों में निरंतर जुड़ाव और फीडबैक के माध्यम से, रियलमी ने अपने युवा ऑडियंस की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने ब्रांड और प्रोडक्ट में सुधार किया है।तकनीकी अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध जो वास्तव में युवा यूजर्स की जरूरतों को समझता है, रियलमी ने एक ट्रेंड-सेंट्रिक

स्ट्रैटेजी से अधिक समावेशी दृष्टिकोण में बदलाव किया है। इस बदलाव का लक्ष्य अपनी दिशा बदलने के बजाय अपनी पहुंच का विस्तार करना है, जिससे अलग-अलग वैश्विक बाजारों में ज्यादा युवा यूजर्स के साथ कनेक्शन सक्षम हो सके।

कंपनी ने कहा, रियलमी का प्राथमिक लक्ष्य एक ऐसे तकनीकी ब्रांड के रूप में विकसित होना है जो युवा उपभोक्ताओं के साथ गहराई से जुड़ा हो। इस प्रगति का प्रमाण 2023 की चौथी तिमाही और पूरे साल दोनों में 20,000 रुपये से 30,000 रुपये के बीच कीमत वाले डिवाइस के लिए भारत के स्मार्टफोन बाजार में पांचवां स्थान हासिल करने की रियलमी की उपलब्धि है।

पुलिस को सब की परवाह: बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वालों के खिलाफ सख्त अभियान

■ राजधानी से गुजरने वाले रिंग रोड 1 व 2 और नया रायपुर के सभी प्रवेश मार्गों में नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों का प्रवेश प्रतिबंध

रायपुर/नवप्रदेश। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। राजधानी रायपुर में वाहन चालकों में सुरक्षा उपायों (हेल्मेट व सीट बेल्ट) का पालन कराये जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शहर से गुरजने वाले रिंग रोड नं-01 सेरीखेड़ी से तेलीबांधा थाना तिराहा एवं टाटीबंध चौक तक व रिंग रोड नं. 02 में टाटीबंध चौक से भनपुरी चौक तक सब पर नजर रख रही है। बिना हेलमेट दोपहिया व बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने जा रही है। इसके तहत यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी/कर्मचारी रिंग रोड नम्बर 01 व 02 पर जगह-जगह चेकिंग पाइंट लगाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही करेंगे।वहीं नया रायपुर में भी बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम में नया रायपुर के सभी प्रवेश मार्गों पर यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी चेंकिंग पाइंट लगाया है। जहां बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मौत अधिक

बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरण मरने वालों की संख्या सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों की है, जिसका प्रमुख कारण हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट आने से होता है। जिसके लिए यातायात पुलिस रायपुर कई वर्षो से हेलमेट जनजागरूकता अभियान चलाकर दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने अपील की जाती है, किन्तु चालकों का हेलमेट लगाने के प्रति उदासीनता सड़क दुर्घटनाओं के दौरान अकारण काल के गाल में समा जाने की बात सामने आती है।

हेल्पलाईन नंबर पर करें शिकायत

इस विशेष अभियान के दौरान आम लोग भी यातायात पुलिस के हेल्पलाईन नंबर 9479191234 पर बिना हेलमेट या सीटबेल्ट धारण किए वाहन चालकों की फोटो खींचकर व्हाट्सप कर सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। ऐसी शिकायत में फोटो के साथ गाड़ी का नंबर, स्थान का नाम व समय का उल्लेख आवश्यक होगा।

पुलिस की अपील

वाहन चालकों से अपील है, कृपया नियमों का पालन कर वाहन चलाएं, सुरक्षा उपायों का उपयोग करें, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन न चलाएं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। **संयमित चले-सुरक्षित रहें**

सीएम साय ने नई दिल्ली में अमित शाह से की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर गुरुवार को सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा उपस्थित थे।

महाराष्ट्र मंडल में 14 को बसंत पंचमी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल और उसके प्रकल्प संत ज्ञानेश्वर स्कूल में 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। शाला प्रभारी निरंजन पंडित ने बताया कि संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बसंत पंचमी पर सुबह 9:00 सरस्वती पूजन- वंदन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महाआरती से पहले 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी होम- हवन में शामिल होंगे और विद्या की देवी मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।